


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 31 दिसंबर 2024 ■ पौष शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-271 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# न्यू ईयर से पहले डबल मर्डर से दहला रायपुर

## बजरंग दल के खंड संयोजक समेत दो युवकों की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार







**रायपुर,31 दिसंबर**

न्यू ईयर से पहले राजधानी रायपुर में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई है. यह घटना डीडी नगर थाना क्षेत्र की है, जहां चंगोराभांटा इलाके में दो युवकों की पत्थर से हमला कर हत्या की गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है. 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं. हत्या के आरोपियों को कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है. पुलिस अधिकारी दौलत राम पोर्ते ने बताया कि कल रात करीब 10.30 से 11.30 बजे के बीच कृष्ण यादव और सचिन बडोले शराब पी रहे थे. इसके बाद कुछ युवक और मौके पर पहुंचे. इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया. इसके बाद दोनों युवक के साथ मारपीट हुई. फिर पत्थर से हमला कर कृष्णा यादव और सचिन बडोले की हत्या कर दी गई. पुलिस घटना की जांच कर रही है. मामले में 5 लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. बता दें कि सचिन बडोले बजरंग दल के खंड संयोजक था. घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. उनका कहना है कि सचिन बडोले यहां का खंड संयोजक था. जब तक हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता और कड़ी सजा नहीं दी जाती तब तक यहां से नहीं हटेंगे. कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर छत्तीसगढ़ में एक बड़ा प्रदर्शन करेंगे.

## अयोध्या से लेकर यूएई तक भारत की समृद्ध संस्कृति का लहराया परचम

**नई दिल्ली ,31 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल में भारत ने सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने मजबूती के साथ प्रदर्शित किया है। साल 2024 में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के एक नए युग की शुरुआत हुई। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो फरवरी 2024 में यूएई में भव्य मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ। दुनिया ने सनातन का डंका बजते देखा।

500 साल के बाद भगवान राम का आगमन अयोध्या में हुआ। यहां पर प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से अब तक करोड़ो भक्त अयोध्या पहुंचे। चहुमुखी विकास हुआ।

## संक्षेप

### यश ने अपने प्रशंसकों से सुरक्षा और सावधानी को प्राथमिकता देने की अपील की

**मुंबई ,31 दिसंबर ।** रॉकिंग स्टार यश ने अपने जन्मदिन से पहले एक भावपूर्ण पत्र में प्रशंसकों से सुरक्षा और सावधानी को प्राथमिकता देने की अपील की है। केजीएफ फ्रैंचाइज़ से वैश्विक स्तर पर स्टार बनने वाले रॉकिंग स्टार यश का अपने प्रशंसकों के साथ हमेशा एक खास रिश्ता रहा है। जैसे-जैसे साल खत्म होने वाला है, यश ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया है कि वे जश्न के दौरान अपनी सुरक्षा और सावधानी को प्राथमिकता दें, खासकर उनके जन्मदिन के दौरान। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें खुशी इस बात से है कि उनके प्रशंसक असाधारण प्रदर्शनों में शामिल होने के बजाय अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। अपने प्रशंसकों को संबोधित एक भावपूर्ण पत्र में, यश ने प्यार व्यक्त करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अतीत में अपने जन्मदिन के जश्न के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर विचार किया, जिसके परिणामस्वरूप दुखद रूप से लोगों की जान चली गई।

### दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर की कार्रवाई

**नई दिल्ली ,31 दिसंबर ।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली की पुलिस टीम ने अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नईम खान और उसकी मां नजमा खान के रूप में हुई है। नईम खान (22 वर्ष) बांग्लादेश के खुलना जिले के ग्राम सुंदर गुना का निवासी है। नईम ने 2020 में पश्चिम बंगाल की सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश किया था। मां-बेटा कटवारिया सराय में रहते हैं। पुलिस टीम को 29 दिसंबर 2024 को गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक दिल्ली के पिप्पल चौक स्थित शास्त्री मार्केट में मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नईम खान को गिरफ्तार किया और वेरिफाई किया तो बांग्लादेशी होने का पता चला। नईम ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिसके कारण वह स्कूल नहीं जा सका और भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया। मां नजमा भी लगभग 20 साल पहले बेनापोल सीमा से भारत आई थी और कटवारिया सराय में घरेलू काम करती थीं।

### भाजपा कार्यालय में आम आदमी पार्टी के खिलाफ लगाई गई प्रदर्शनी

**नई दिल्ली ,31 दिसंबर ।** दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तमाम राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विरोधी दलों की खामियां और अपनी खूबियां बता रही हैं। इसी क्रम में भाजपा ने कुछ अनूठा किया है। अपने कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई है। इसमें दिल्ली का वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, टूटी हुई सड़कें, शराब घोटाला सहित कई मुद्दों को हाईलाइट किया गया है। इस प्रदर्शनी में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर प्रदर्शनी लगाई गई है। भाजपा ने कथित घोटालों को उजागर किया है। आप के तीन कद्दावरों को भ्रष्टाचार के तीस मार खान करार दिया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में जनता के लिए अरविंद केजरीवाल ने कुछ नहीं किया है। अब नई दिल्ली विधानसभा में अपनी कमजोर होती स्थिति देखकर वोटर लिस्ट के मुद्दे पर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। दिल्ली के निवासी जानते हैं कि सभी निवासियों के पहचान पत्र में मकान नंबर व स्थानीय पता दर्ज होता है, लेकिन केजरीवाल के राज में मकान संख्या 0 (शून्य) पर 144 वोटरों के नाम दर्ज होना चुनावी धांधली का स्पष्ट प्रमाण है। सचदेवा ने आगे कहा, चुनाव जीतने के लिए केजरीवाल किस हद तक जा सकते हैं.

# इसरो ने लहराया भारत का परचम

**नई दिल्ली ,31 दिसंबर।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिसका लक्ष्य अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करना है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है। इससे पहले रॉकेट की लॉन्चिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा। अंतरिक्ष मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर एक्स पर लिखा, भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है। सिंह ने कहा कि यह तकनीक गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आकाश से आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसरो ने कहा कि स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) ऑर्बिटल डॉकिंग में भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अग्रणी मिशन है, जो भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान और उपग्रह सर्विसिंग मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है।

पीएसएलवी ने दो छोटे अंतरिक्ष यान ङ्क एसडीएक्स01 (जो डॉकिंग प्रयोग के दौरान चेजर की भूमिका निभाएगा) और एसडीएक्स02 (जो टारगेट की भूमिका निभाएगा) को लेकर उड़ान भरी। प्रत्येक का वजन लगभग 220 किलोग्राम था। उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में डॉकिंग के लिए एक साथ जोड़ा गया। इसरो करीब चार दिन में दोनों उपग्रहों के बीच पर्याप्त दूरी बनाने के बाद 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के सॉफ्टवेयर को सक्रिय करेगा। इसमें चार डॉकिंग सेंसर, पावर ट्रांसफर प्रौद्योगिकी, स्वदेशी नवीन स्वायत्त डॉकिंग रणनीति, तथा उपग्रहों के बीच स्वायत्त संचार के लिए एक अंतर-उपग्रह संचार लिंक (आईएसएल) शामिल है। इसमें एक अंतर्निहित इंटेलिजेंस भी शामिल है जिससे दोनों उपग्रह एक-दूसरे की स्थिति का पता लगा सकते हैं। अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने से भारत न केवल अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो सकता है। यह भारत के आगामी अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी महत्वपूर्ण है.

# राहुल गांधी ने बाउंसर जैसा किया व्यवहार: सांसद सारंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनके व्यवहार को लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए उपयुक्त होने के बजाय बाउंसर बताया है। यह पद कभी अटल बिहारी वाजपेयी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों के पास था। संसद में हाथापाई के बाद घायल हुए और अस्पताल में भर्ती कराए गए सारंगी ने कहा कि वह अब तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं और उन्हें 28 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 19 दिसंबर की संसद हाथापाई की घटना को याद करते हुए, सारंगी ने कहा, यह तब हुआ जब हम (भाजपा सांसद) एक प्रवेश द्वार के पास खड़े थे, शांतिपूर्वक तख्तियां लिए हुए अंबेडकर के अपमान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अचानक राहुल गांधी अपनी पार्टी के कुछ साथियों के साथ आए और लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने लगे। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बाउंसर की तरह व्यवहार कर रहे थे, जिस पद पर कभी वाजपेयी जी जैसे महान व्यक्तित्व रहते थे। सारंगी ने दावा किया कि गेट के पास गांधीजी के लिए बिना किसी व्यवधान के गुजरने के लिए पर्याप्त जगह थी। उन्होंने कहा कि गांधी ने सामने खड़े सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दे दिया। राजपूत जी मेरे ऊपर गिर गए और मेरा सिर संभवतः किसी पत्थर जैसी वस्तु के कोने से टकराया, जिससे चोट लग गई। बीजेपी सांसद ने आगे कहा कि जब किसी ने उन्हें घटना की जानकारी दी तो राहुल गांधी मेरे पास आए लेकिन वह बिना कोई वास्तविक चिंता दिखाए तुरंत चले गए।



## भारत का रक्षा निर्यात 21,000 करोड़ पार

**महू ,31 दिसंबर।** भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के 2,000 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मध्य प्रदेश के दौरे के दौरान महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, अब 21,000 करोड़ रुपये के प्रभावशाली स्तर को पार कर गया है। इसी के साथ हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में बनाए गए उपकरणों (मेड इन इंडिया इक्विप्मेंट) को दूसरे देशों में भेजा जा रहा है। सिंह ने कहा कि लगातार आगे बढ़ते और विकसित होते समय में एडवांस टेक्नोलॉजी में निपुणता हासिल करना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में कहा, इंफॉर्मेशन वॉरफेयर, एआई बेस्ड वॉरफेयर, प्रॉक्सी वॉरफेयर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वॉरफेयर, स्पेस वॉरफेयर और साइबर अटैक बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित होने की जरूरत पर जोर दिया।

# केजरीवाल पर बरस पड़े इमामों के मुखिया

**नई दिल्ली,31 दिसंबर।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले इमाम, पंडित और ग्रंथियों के वेतन के मुद्दे पर राजनीति तेज हो गई है। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी (आप) ने पुजारियों और ग्रंथियों को चौथी बार सरकार बनने पर हर महीने 18 हजार रुपए सम्मान राशि देने का वादा किया तो दूसरी तरफ पिछले कई दिनों से वक्फ बोर्ड के करीब 250 इमाम 17 महीनों से लंबित अपने वेतन को लेकर अरविंद केजरीवाल के घर का चक्कर काट रहे हैं। इस बीच ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन (एआईएमआईएम) के प्रमुख साजिद रशिदी ने कहा है कि आप सरकार ने फायदे की बजाय और उनका नुकसान ही किया और अब कटोरा लेकर घूमने को मजबूर कर दिया है। साजिद रशिदी ने न्यूज 24 से बातचीत में विस्तार से बताया कि किस तरह शुरुआत में उन्हें फायदा दिखाया गया, लेकिन बाद में यह उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ। रशिदी ने कहा, जब से केजरीवाल सरकार आई है एक बार फिर छह महीने लगातार वेतन नहीं मिला। जब भी मिली है 5-6 महीने रुककर मिली है, जबकि पैसों की कमी नहीं है इनके पास। रशिदी ने कहा कि मुसलमानों और पादरियों को छूने से केजरीवाल बच रहे हैं, क्योंकि इनकी राजनीति कमजोर होगी। तीन दिन केजरीवाल से मुलाकात का प्रयास कर चुके रशिदी ने कहा, ईसाइयों को ना देकर और हमसें ना मिलकर वह यह दिखाना चाहते हैं कि देखो मुसलमानों को हम इस हद तक ले जा सकते हैं कि उनके इमामों को घर पर खड़ा रखकर जलील कर सकते हैं। वह यह दिखाना और बताना चाहते हैं। राशिदी का आरोप है कि दिल्ली के सभी इमामों को वेतन देने का ऐलान करने के बहाने वक्फ बोर्ड के स्थायी इमामों के साथ ठगी की गई। रशिदी ने कहा, %केजरीवाल जी ने 2020 में एक शिगूफा छोड़ा, दिल्ली के सभी इमामों को वेतन देने का ऐलान किया। जो हम परमानेंट लोग हैं, मैं भी 96 से इमाम हूं, उससे पहले से भी लोग हैं, लेकिन इन्होंने कहा कि प्राइवेट मस्जिदों के इमामों को भी वेतन देंगे। अमानतुल्लाह जब चेयरमैन थे, 37 करोड़ का ग्रांट मंजूर कर दिया गया। हमने साथ दिया यह सोचकर कि किसी का फायदा हो जाए। लेकिन इनके (निजी) के बहाने हम परमानेंट को भी खराब कर दिया। दो तीन बार वेतन दिया। 100 करोड़ का बजट दिया, उसका क्या हुआ वह तो चेयरमैन, सरकार जानें। उसके बाद उन्हें भी वेतन नहीं मिला। हम जो वक्फ बोर्ड के राजस्व से वेतन पाते थे, ग्रांट पर कर दिया। यानी हमें पक्के से कच्चा कर दिया। यह कमाल केजरीवाल जी ने किया। आप हमें 10 हजार ही देते, कमजोर तो ना करते। रशिदी ने कहा कि यह ग्रंथियों, पुजारियों या इमामों का सम्मान नहीं गुगली है। उन्होंने कहा कि एक इमाम के पास सैकड़ों-हजारों लोग नमाज पढ़ते हैं। लेकिन लोगों को जब पता चलेगा कि इमाम को पैसा नहीं मिला तो उन पर असर तो होगा। उन्होंने कहा कि ग्रंथियों को सरकार की मदद की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गुरुद्वारे सक्षम हैं, लेकिन पुजारी झांसे में आ सकते हैं।



## भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर : अमित शाह

**नई दिल्ली ,31 दिसंबर।** नए साल की शुरुआत से पहले इसरो ने देशवासियों को खुशखबरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसरो के इस उपलब्धि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुशी जाहिर की। एक्स पोस्ट में केंद्रीय गृहमंत्री ने लिखा कि भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो टीम को बधाई। यह एक शानदार सफलता है जो अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में भारत के लिए एक नया रास्ता खोलती है। आगे की यात्रा के लिए हमारे प्रतिभाशाली लोगों को मेरी शुभकामनाएं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इसरो का नया कीर्तिमान। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट द्वारा स्पैडेक्स मिशन के सफल लॉन्च पर इसरो की पूरी टीम को बधाई। इस अभियान की सफलता के साथ ही भारत ये तकनीक हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। 2024 के अंत में इसरो की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली है।उल्लेखनीय है कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है।इससे पहले रॉकेट की लॉन्चिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा।अंतरिक्ष मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर एक्स पर लिखा, भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है।

# नायडू देश के सबसे अमीर सीएम ममता बनर्जी की संपत्ति सबसे कम

**नई दिल्ली।** भारत के 31 मुख्यमंत्रियों के बीच वित्तीय विभाजन चौंकाने वाला है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की नवीनतम रिपोर्ट में सामने आया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को 931 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर नामित किया गया है, जबकि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर हैं, जिनकी संपत्ति का मूल्य मात्र 15 लाख रुपये है। सभी मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति संयुक्त रूप से 1,630 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रति नेता औसतन 52.59 करोड़ रुपये है। एडीआर के निष्कर्ष सोमवार को जारी किए गए, जो भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के नेताओं की वित्तीय स्थिति पर प्रकाश डालते हैं। जहां नायडू इस सूची में सबसे आगे हैं, वहीं अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर हैं। कर्नाटक के सिद्धारमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ शीर्ष तीन में हैं। संपत्ति के अलावा, रिपोर्ट में मुख्यमंत्रियों की देनदारियों का भी जिक्र किया गया है। पेमा खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपये की देनदारी है। सिद्धारमैया की देनदारी 23 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि नायडू की देनदारी 10 करोड़ रुपये से अधिक है। इससे पता चलता है कि कुछ सबसे धनी नेताओं पर भी काफी कर्ज है, जिससे उनकी समग्र वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सबसे गरीब हैं, उनकी संपत्ति का मूल्य सिर्फ 15 लाख रुपये है। जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला दूसरे सबसे गरीब सीएम हैं, उनकी संपत्ति का मूल्य केवल 55 लाख रुपये है। केरल के पिनाराई विजयन सबसे गरीबों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, उनकी संपत्ति सिर्फ 1.18 करोड़ रुपये है। संपत्ति में यह स्पष्ट अंतर भारतीय राज्य नेताओं की अलग-अलग आर्थिक प्रोफाइल को उजागर करता है। यह रिपोर्ट भारत के मुख्यमंत्रियों की आपराधिक पृष्ठभूमि पर भी प्रकाश डालती है। इससे पता चलता है कि 31 में से 13 मुख्यमंत्रियों (42 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अलावा, 10 मुख्यमंत्रियों (32 प्रतिशत) के रिकॉर्ड में गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी जैसे आरोप शामिल हैं। 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति कुल मिलाकर 1,630 करोड़ रुपये है, जो इन राजनीतिक नेताओं द्वारा नियंत्रित अपार संपत्ति को रेखांकित करती है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ सबसे ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## 2024 में खेल जगत में हुए कई बदलाव, अनेक खिलाड़ियों ने लिया खेल से संन्यास

jasclaudius@gmail.com

# भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने विश्व में गाड़ा झंडा

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक के कैलेंडर वर्ष में खेलों की दुनिया में अनेक कीर्तिमानों को टूटते, नये विजेताओं को उभरते देखा। भारतीयों ने शतरंज, हाकी, कुश्ती, बैडमिंटन, क्रिकेट आदि खेलों में उतार-चढ़ाव को नजदीक से देखा। हमारे ही देश में जन्म लेने वाले शतरंज के खेल में उभरती हुई भारत की एकल या युग या टीम प्रतिभाओं ने 2024 के शतरज ओलंपियाड में जो उपलब्धि हासिल की वह अतुलनीय है। भारतीय पुरुष टीम ने विश्व के 183 देशों में पहला स्थान जबकि महिला टीम ने 169 देशों में प्रथम जगह पाई। भारतीय शतरंज टीम इसके पहले कभी भी चैंपियन नहीं बनी थी। 45वां शतरंज ओलंपियाड बडापेस्ट हंगरी में 10 से 23 सितम्बर 2024 तक सम्पन्न हुआ था। स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम में डी गुकेश, आर. प्रज्ञानंदा, अर्जुन ईरीगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा शामिल थे। महिला टीम हरिका ड्रोनावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वनिका अग्रवाल, तानिया सचदेव शामिल थी। भारतीय टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन थे।



भारत ने न सिर्फ टीम चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता बल्कि चार व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीते। इसी तरह 29 मई 2006 को जन्में 18 वर्षीय गुकेश डोम्मराजू ने शतरंज के विश्व चैंपियनशिप के अंतर्गत 2024 के विश्व शतरंज चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके पहले यह श्रेय सिर्फ विश्वनाथन आनंद को गया था। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय हाकी टीम ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक का कांस्य पदक जीता। नीरज चोपड़ा ने लगातार दूसरी बार भालाफेंक में पदक जीता। इस बार रजत पदक पर उन्होंने कब्जा जमाया जबकि 2020 टोक्यो ओलंपिक में वे स्वर्ण जीतने में सफल रहे थे। ओलंपिक खेलों में महिला वर्ग में भारत की मनु भाखर ने निशानेबाजी में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास स्थापित किया। सरबजोत सिंह, स्वपनील कुसाले ने भी एक-एक कांस्य जीता। कुश्ती में युवा अमन सेहरावत ने स्वर्ण जीता। अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सबसे अधिक उतार-चढ़ाव क्रिकेट में देखने को मिला। भारत ने 2007 के पश्चात पहली बार 2024 में टी-20 का विश्वकप जीता जबकि टेस्ट मैच चैंपियनशिप के फायनल में वह जगह बनाने में असफल रही। खेलों की दुनिया में जब नये प्रतिभाशाली खिलाड़ी मैदान में आ रहे हैं तो पुराने खिलाड़ियों को खेल से अलविदा कहना पड़ता है। ऐसे में भारत के प्रमख खिलाड़ियों में महिला जिमनास्ट दीपा करमाकर, महिला पहलवान विनेश फोगाट, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, फुटबाल खिलाड़ी सुनील छेत्री, हाकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश, क्रिकेट खिलाड़ी आर. अश्विन, हाकी खिलाड़ी रानी रामपाल आदि प्रमुख हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि क्रिकेट में भारत के खिलाड़ी सबसे तेजी से उभरकर आ रहे हैं। इसके लिए क्रिकेट बोर्ड बधाई का पात्र है।

## निर्मला देवी की 'ग्रीन आर्मी' को पीएम मोदी से मिली प्रशंसा

**नई दिल्ली ,31 दिसंबर।** वाराणसी के पास स्थित देवरा गांव की सशक्त महिला नेता निर्मला देवी ने अपनी 'ग्रीन आर्मी' के साथ मिलकर समाज में बदलाव की एक नई मिसाल पेश की है। महिलाएं, जिन्हें 'ग्रीन आर्मी' के नाम से जाना जाता है, वे संघर्ष और सामूहिक प्रयासों से समाज में बदलाव ला रही हैं। हाल ही में, इन महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक प्रेरणादायक पत्र मिला है। जिसमें उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया है। इसमें उनके चप्पल कारखाने की भी सराहना की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी का ये पत्र न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि यह उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की भी मान्यता है।

मोदी आर्काइव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें देवरा गांव की 'ग्रीन आर्मी' को सराहा गया है। इस क्लिप में ग्रीन आर्मी की निर्मला देवी की भावनाओं को सम्मान दिया गया है। जो वीडियो में एक जगह कहती हैं- 'अगर वह इसे पहनेंगे, तो हर कोई पहनेगा!

इस पोस्ट में ग्रीन आर्मी के सफर की जानकारी है। लिखा है, देवरा में दृढ़ निश्चयी महिलाओं का एक समूह 'ग्रीन आर्मी' एक-दूसरे का समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक साथ आया था। उनकी यात्रा एक चप्पल फैक्ट्री की स्थापना के साथ शुरू हुई।

## एक नजर

### वृद्ध दम्पत्ति को मिला महतारी वंदन योजना का सहारा

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** जिले के दुर्ग विकासखण्ड के पुरई गांव निवासी ढेला बाई यादव और उनके पति शिव प्रसाद यादव, दोनों की उम्र 60 वर्ष से अधिक है। परिवार में और कोई सदस्य नहीं है। जिनसे उन्हें जीविकोपार्जन में अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। 60 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण उन्हें मनरेगा में भी काम नहीं मिल पा रहा था। वृद्धावस्था में पेंशन के लिए भी प्रयास किए गए लेकिन सर्वे सूची में नाम नहीं होने के कारण उन्हें पेंशन नहीं मिल पा रही थी। गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेहा साहू ने ढेला बाई को जुड़ने की सलाह देते हुए महतारी वंदन योजना का आवेदन भरा। आवेदन स्वीकृत होने पर ढेला बाई यादव को विगत मार्च 2024 से हर माह 1000 रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। इस राशि से उनकी जीविकोपार्जन की मूलभूत जरूरतें पूरी हो रही हैं। ढेला बाई यादव और उनके पति शिव प्रसाद सरकार की इस योजना से काफी खुश हुए है, उन्होंने जीविकोर्पाजन की सहारा मिल जाने पर इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

### दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में तीन कार्यों के लिए 15.69 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 03 कार्यो के लिए 15 लाख 69 हजार 390 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी।जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पुरई में सीसी रोड वार्ड-02 कमलू किराना स्टोर से बरगद वृक्ष तक के लिए 6 लाख 09 हजार 763 रूपए, ग्राम घुघसीडीह में सीसी रोड भागवत ठाकुर घर से शीतला तालाब तक के लिए 5 लाख 99 हजार 767 रूपए, ग्राम खम्हरिया में सीसी रोड टीका साहू घर से डोमन साहू घर तक के लिए 3 लाख 59 हजार 860 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पंचायत आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत निर्वाचन 2024-25 के दौरान आरक्षण हेतु आम सूचना के माध्यम से समय सारणी जारी की गई थी। 27 दिसम्बर 2024 को पूर्व में जारी समय-सारणी को संशोधित कर नवीन समय सारणी जारी की गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के परिपालन में पूर्व में जारी समय सारणी अनुसार आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर दिया है। आरक्षण कार्यवाही हेतु नवीन समय सारणी पृथक से आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनसुार ग्राम खेदामारा निवासी विकास यादव की मृत्यु 02 नवम्बर 2022 को नहाने के दौरान पानी में डुबने से हुई थी। इसी प्रकार इंदिरा नगर हथखोज निवासी श्रीमती मंजू देवी की मृत्यु 09 अक्टूबर 2021 को आग में जलने से हुई थी। कलेक्टर द्वारा मृतक विकास यादव के पिता कुमार यादव को और मृतिका मंजू देवी की पति गोविंद कुशवाहा प्रत्येक को 04-04 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

### 50 हजार रुपये की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने वाहन दुर्घटना में घायल मुकेश कुमार के विधिक प्रतिनिधि उनके पिता तिलक दास वैष्णव को 50 हजार रूपये की प्रतिकर राशि की मंजूरी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार आत्मज तिलक दास वैष्णव उम्र 30 वर्ष 13 सितम्बर 2023 को सेक्टर 05 चौक के पास सेन्ट्रल एवेन्यू रोड भिलाई नगर जिला दुर्ग के पास अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने पर हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटनाओं में घोर उपहति होने की पुष्टि की गई है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम रही बिलासपुर की टीम





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,31 दिसंबर।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल शिवपुरी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में अंचल के बहुत से टीमों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थे, अध्यक्षता वार्ड पार्षद एवं सभापति चुम्मन वर्मा ने किया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने मैदान पर उतरकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि मैं स्वयं एक कबड्डी खिलाड़ी रहा हूं । आप सबको हमारे भारत के प्राचीन खेल कबड्डी के मैदान में देखकर काफी भावुक हो रहा हूं क्योंकि हमारा कबड्डी का खेल प्रचलित रूप में न होकर विलुप्त सा होता जा रहा है क्योंकि पहले कबड्डी की प्रतियोगिता हर गांव, हर कसबा, हर शहर में होता था लेकिन अब कुछ चुनिंदा जगहों पर हो रहा है लेकिन आप जैसे उत्साहित खिलाड़ी गण हमारे पारंपरिक खेल को बनाये रखे हैं इसके लिए आप सभी को एवं आयोजन समिति को बहुत बहुत शुभकामनाऐं देता हूं ।

कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त टीम बिलासपुर को राशि 10000/- रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम हथबंद को 7000/- रूपये, तृतीय टीम कोटा को 5000/- रूपये, चतुर्थ टीम जामुल को राशि 3000/- रूपये का एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार का वितरण मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया । प्रतियोगिता अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश सिंह ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी जामुल, तिलेश्वर देवांगन पार्षद वार्ड क्र. 18, युवराज वैष्णव पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 17, गज्जू साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधी, गैंदलाल चौहान समाज सेवी सहित आयोजन समिति के दीपक सारथी, नरेश सारथी, ताकेश साहू, कैलाश जंघेल, दुर्गेश वर्मा, शिव जंघेल, राहुल बंधे, दीपक निर्मलकर, मिथलेश साहू, प्रभाकर साहू, चेतन, जतिन, हार्वेश, कुलेश्वर, यश कुमार उपस्थित थे ।



### डीपीएस चौक हनुमान मंदिर में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़

**भिलाई, 31 दिसंबर।** डीपीएस चौक हनुमान मंदिर में मंगवार और शनिवार को पहुंचती है श्रद्धालुओं की भीड़ । अंकित कुमार , गौरव ठाकुर , अमन साहू ने बताया की भगवान हनुमान जी की पूजा करने से मन को शांति मिलती है और अच्छा लगता है पॉजिटिव विचार आते है । टीचर प्रमिला भगत और टीचर कल्पना द्विवेदी, आरती महिपाल , माधुरी बिजुरिया ने बताया की मन को शांति मिलती है और बहुत अच्छा लगता है । श्रदालुओं ने अगरबती जलाकर नारियल चढ़ाकर दिया जलाकर पूजा अर्चना की ।

# चाइनीज मांझा की खरीदी-बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई, विधायक ने आईजी से की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 31 दिसंबर।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जानलेवा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की खरीदी बिक्री पर रोक लगाते हुए आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग से चाइनीज मांझा बिक्री करने वाले व्यवसायियों पर कड़ी कार्रवाई विषयक चर्चा की है। उन्होंने क्षेत्र के व्यवसायियों से भी चाइनीज मांझा की खरीदी और बिक्री न करने की अपील की है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि भिलाई दुर्ग के बाजारों में चाइनीज मांझा दस्तक दे चुका है, पतंग उड़ाना देश की परंपरा रही है, लेकिन ऐसे खतरनाक मांझे से पशु-पक्षी और लोग बुरी तरह जख्मी हो जाते हैं। ऐसे हादसों की आशंका वश इस विषय का संज्ञान लेकर दखल की जरूरत पड़ी। एनजीटी ने वर्ष 2017 में इस जानलेवा मांझे की बिक्री पर देश भर में प्रतिबंध लगा दिया था। पीपल्स फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल (पेटा) की अर्जी पर ये आदेश दिया गया था। जिसके बाद मांझा बनाने वाली कंपनियां सुप्रीम कोर्ट गईं, जहां से उन्हें राहत नहीं मिली थी। चाइनीज मांझे की चपेट में आने से हुई घटनाओं के अधिकतर मामलों में पुलिस कोर्ट में अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल करती रही है। सेन ने कहा कि मकर संक्रांति एवं अन्य पर्वों पर चाइनीज मांझे के उपयोग से न केवल पक्षी बड़ी संख्या में घायल होते हैं बल्कि सड़क पर पैदल चलने वाले और दुपहिया वाहन पर चलने वाले राहगीरों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। अमूमन चाइनीज मांझे, प्लास्टिक व अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बना मांझा या जहरीले पदार्थ जैसे लोहा, ग्लास इत्यादि के धागों की थोक एवं खुदरा बिक्री तथा उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। आईजी दुर्ग रेंज से चर्चा करने के बाद विधायक रिकेश सेन ने बताया कि पुलिस पहले आईपीसी की धारा 188 यानि सरकारी आदेश की अवहेलना के तहत केस दर्ज करती थी। इसमें अधिकतम एक माह की सजा या 200 रुपये जुर्माना या दोनों हो सकते थे। अब भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किए जा सकते हैं। इसके तहत एक साल की सजा या पांच हजार रुपये फाइन या दोनों हो सकते हैं।

## निगम ने जनरल स्टोर्स में दबिश देकर चाइनीज मांझा किया जब्त

**रिसाली।** पतंग के साथ चाइनीज मांझा बेचने वालों पर रिसाली निगम नजर रख रहा है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दुकानों में दबिश दी रही है। भारी मात्रा में चाइनीज मांझा जब्त किया गया। दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। राजस्व विभाग को सूचना मिली थी कि निगम क्षेत्र के कुछ दुकानदार चोरी छिपे पतंग के साथ मांझा बेच रहे है। इस आशय की पुष्टि करने दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान लक्ष्मी बुक डिपो और लक्ष्मी इंटर प्राइजेस में मांझा पाया गया। दोनों प्रतिष्ठान के खिलाफ राजस्व विभाग की टीम ने 500-500 रुपए जुर्माना वसूल किया। दबिश के दौरान राजस्व विभाग के मंगल कुर्रे, रवि श्रीवास्तव, विवेक रंगनाथ, टिकेन्द्र वर्मा, टेकराम आदि उपस्थित थे।



### उप स्वास्थ्य केंद्र अहेरी को मिला प्रथम पुरस्कार

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** जिले के विकासखण्ड धमधा के अंतर्गत संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी को कायाकल्प योजना अंतर्गत छ.ग. राज्य में संचालित शासकीय अस्पतालों में सफाई प्रबंधन, रोग नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यीकरण, रोगी सेवा में सुधार हेतु स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत, स्वच्छ अस्पताल योजना में किये गये कार्यों के आधार पर वर्ष 2023-24 के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र की श्रेणी में राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार मिला है। विगत दिवस मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के मौजूदगी में अस्पताल प्रबंधन को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और एक लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में उप स्वास्थ्य केन्द्र अहेरी में पदस्थ सीएचओ सुश्री

# सेल को दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का मिला प्रमाणपत्र



**भिलाई, 31 दिसंबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने जनवरी 2025 से जनवरी 2026 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन प्राप्त किया है। सेल ने लगातार दूसरी बार यह प्रमाणन प्राप्त किया है। कंपनी को शुरू में दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए प्रमाणित किया गया था। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल को लगातार ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणन मिलना विश्वास, सहयोग और कार्मिक सशक्तिकरण पर आधारित कार्यस्थल वातावरण को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह प्रमाणन पूरे समूह को आगे बढ़ने के लिए और अधिक हासिल करने की दिशा में प्रोत्साहित करेगा।

# आयुक्त ने किया महिलाओं के ड्राइविंग प्रशिक्षण का उद्घाटन

**भिलाई, 31 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा, ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र, नवा रायपुर (आईडीटीआर) के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिए, निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका उद्घाटन सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में आयुक्त (नगर निगम रिसाली) श्रीमती मोनिका वर्मा के मुख्य आतिथ्य में 30 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी कमल नारायण साहू, महाप्रबंधक शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, उप प्रबंधक के के वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।




साथ ही इस उद्घाटन कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारी बुधेलाल सोनी, मंडावी एवं प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थी। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका वर्मा ने सभी प्रशिक्षु महिलाओं से अपील की कि वे मन लगाकर और एकाग्र होकर ड्राइविंग सीखें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। श्री कमल नारायण साहू जी ने महिलाओं को ड्राइविंग के संदर्भ में आवश्यक जानकारी दी और इस कौशल को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पुष्पगुच्छ से अतिथियों का अभिनंदन करने के पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में शिवराजन ने इस प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, सीएसआर द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे के प्रयासों और उद्देश्यों के बारे में बताया। समापन के के वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संचालन छत्रपाल देशलहरा ने किया।

# 107 सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय शीघ्र ही उपयोग के लिए होंगे उपलब्ध



**भिलाई, 31 दिसंबर ।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की पांचवी बैठक के अनुशंसा अनुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत/उन्नयन कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रण की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात 107 शौचालयों का मरम्मत/उन्नयन का कार्य 362.52 लाख की लागत से किया जा रहा है। उक्त कार्य को पूर्ण कराये जाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निम्नलिखित शर्तो के अनुसार आदेश जारी किया गया है। शौचालय के मरम्मत/उन्नयन हेतु सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति की सीमा के अंदर निर्माण कार्य किया जाएगा। किसी भी प्रकार का सारवान परिवर्तन सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जाएगा। अनुमोदित निविदा प्रारूप के अनुसार समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी कार्य की गुणवत्ता एवं मानदण्ड सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय अनुसार पूर्ण करेगी। प्रथम किश्त की जारी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, भौतिक स्थिति, सत्यापित फोटोग्राफ्स प्राप्त होने पर आगामी किस्त की राशि प्रदान की जावेगी। उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ शौचालय मरम्मत के पूर्व एवं पश्चात किये गये कार्यो का जियो टैग फोटोग्राफ्स प्रेषित करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन तथा नोडल एजेंसी सूडा द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

## गैर संकार्य विभाग के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित




**भिलाई, 31 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा गैर संकार्य विभाग के कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए इस्पात भवन सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माह सितम्बर 2024, अक्टूबर 2024 और नवम्बर 2024 के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट विद्याराम, सेक्शन एसोसिएट अजय कुमार मिश्रा, इंजीनियरिंग एसोसिएट सीताराम साहू, इंजीनियरिंग एसोसिएट भूपाट राव बोरकर, अनुभाग अधिकारी सुश्री चन्द्राकली, इंजीनियरिंग एसोसिएट ललन सिंह, सेक्शन एसोसिएट सुश्री शशिकला साहू, और एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट सुश्री दीपाली प्रसाद को कर्म शिरोमणि पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। चयनित कर्मचारियों को मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक इन्द्रजीत सेनगुप्ता और महाप्रबंधक जगन्नाथ रथ द्वारा सम्मानित किया गया।

### जिला दण्डाधिकारी ने किया दो बदमाशों को जिला बदर

**दुर्ग, 31 दिसम्बर।** जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त मो. इमरान और तेजिंदर सरदार को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी श्री चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में मोहम्मद इमरान पिता मो. गुफरान निवासी इमामबाड़ा कैम्प 02 शीतला मंदिर के पास भिलाई थाना छावनी तहसील व जिला दुर्ग और तेजिन्दर सरदार उर्फ टोनी सरदार पिता गुरूचरण सिंह शाकिन पचरीपारा दुर्ग हाल मुकाम गुरूद्वारा के पास संतराबाड़ी दुर्ग थाना मोहन नगर तहसील व जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 23 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है।

# आयुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों को दी हिदायत,समय के हों पाबंद



**भिलाई, 31 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन में कसावट लाने अधिकारी/कर्मचारियों के लिए आदेश जारी किये हैं। राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के कार्यावधि के संबंध में पूर्व जारी आदेश को अधिक्रमित करते हुए राज्य के मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा समस्त मैदानी कार्यालयों हेतु कार्य अवधि सुबह 10 बजे से सायं 5-30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयुक्त पाण्डेय ने आदेश में निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को आदेश दिए हैं। सभी अधिकारी/कर्मचारी शासन द्वारा निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होवें और सौंपे गये दायित्वो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, अपने दायित्वों का परिपालन करें। विभागीय नस्तियों को अपने टेबल पर जमा न होने दें, शीघ्र आगे बढ़ावें। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। आयुक्त से संबंधित नस्तियों को समय अवधि के अंदर प्रस्तुत किया जाए। मैं भी नस्तियों का त्वरित निराकरण करूगां। किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नगर निगम अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

### चाकू लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई, 31 दिसंबर।** भिलाई सुंदर नगर नहर के पास चाकू लेकर घूम रहे एक बदमाश को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है पुलिस ने बताया कि नेहरू चौक तीन कुंआ बजरंग मैदान कैंप-एक निवासी 19 वर्षीय आरोपित संतोष गायकवाड़ उर्फ भुरू को चाकू के साथ पकड़ा गया है आरोपित सुंदर नगर नहर के पास चाकू लेकर घूम रहा था और लोगों को धमका रहा था ।

संपादकीय

# पंजाब सरकार का रवैया उकसाने वाला है...

आए दिन कोई न कोई किसान संगठन कुछ मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर देता है। वह कहने को तो किसान आंदोलन होता है लेकिन उसमें दो ही राज्य के किसान शामिल होते है, लेकिन उसे देश के किसानों के आंदोलन के रूप में पेश किया जाता है। मोदी सरकार के समय जितने भी किसान आंदोलन हुए हैं उसमें एक किसान आंदोलन लगभग एक साल चला। सरकार ने उनके विरोध को देखते हुए तीन कृषि कानून वापस ले लिए थे। बाकी किसान आंदोलन होते रहते हैं केंद्र सरकार उनको गंभीरता से लेती नहीं है। क्योंकि उसे एक दो राज्य के किसानों की मांगों से कोई मतलब नही होता है, वह तो जब देश के किसान कोई मांग करेंगे तो तब उसे गंभीरता से लेगी। एक दो राज्य के किसान की मांगों को तो राज्य सरकार भी पूरा कर सकती है। जब किसान आंदोलन आए दिन होने लगते हैं तो उसको गंभीरता से लेने की जरूरत भी नहीं है और ऐसे संगठनों की बातों को गंभीरता से कोई ले भी क्यों जो किसी बात को मानने को तैयार नहीं है। केंद्र की तरफ से कहा जा चुका है कि कुछ लोग आकर बात कर सकते हैं लेकिन किसान आंदोलन करने वाले ऐसा करने को तैयार नहीं है वह ढेर सारे किसान लेकर दिल्ली जाना चाहते हैं और हरियाणा सरकार उनको जाने नहीं दे रही है। क्योंकि किसानों को दिल्ली जाने की छूट दे दी गई तो वह दिल्ली में पिछली बार तरह उत्पात मचा सकते हैं। किसानों को बिना अनुमति केदिल्ली जाने का प्रयास नहीं करना चाहिए लेकिन वह कई बार कर चुके हैं लेकिन इस बार हरियाणा व केंद्र सरकार की पूरी तैयारी होने के कारण वह दिल्ली कूच नहीं कर सके हैं। केंद्र सरकार उनकी कुछ मांगे मानने को तैयार है लेकिन वह चाहते हैं कि उनकी सारी मांगें मानी जाए, कुछ मांगे तो केंद्र सरकार मान हीं नहीं सकती जैसे किसानों को 60 वर्ष के बाद दस हजार रुपए पेंशन दिया जाए,किसानों का कर्ज माफ किया जाए। इन मांगों को देखकर लगता है कि किसान आंदोलन किया ही इसलिए जा रहा है कि किसानों को संदेश दिया जा सके कि देखो हम तो तुम्हारे के हित में मांग कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार मान नहीं रही है, हकीकत यह है कि किसानों की एमएसपी को कानून गारंटी देने की मांग भी केंद्र सरकार पूरी नहीं कर सकती। क्योंकि इससे किसानों को तो फायदा हो सकता लेकिन देश को नुकसान होगा। इन किसानों का आंदोलन दो ही राज्यों के किसानों का आंदोलन है,देश के अन्य किसान संगठनों ने इनका समर्थन नहीं किया है, इसलिए यह देश के किसानों का आंदोलन तो नहीं माना जा सकता और माना भी नहीं जा रहा है।किसानों व केंद्र सरकार के बीच किसी तरह की बातचीत हो नहीं रही है। सुप्रीम कोर्ट भी चाहती है कि किसानों का समस्याओं का कोई हल निकले, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है और उसने समिति से कहा है कि किसानों से बातचीत कर समस्याओं का कोई हल निकाले। समिति ने 17 दिसंबर को किसानों को बात करने के लिए बुलाया था लेकिन किसानों ने समिति से बात करने से मना कर दिया। पंजाब सरकार भी किसानों को समझाने का प्रयास कर रही। उसने सुझाव दिया कि किसानों को अपनी बात सीधे कोर्ट में रखने की इजाजत दी जाए। इस पर कोर्ट की तरफ से कहा गया कि किसान स्वयं या अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सुझाव या मांग रख सकते हैं। किसानों को यह भी पसंद नही आया।इस बार किसान आंदोलन में एक परेशानी की बात पंजाब सरकार के लिए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन है। सुप्रीम कोर्ट भी किसान नेता की तबियत को लेकर चिंतित है। उसने किसानों की मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए पंजाब सरकार को कहा था। पंजाब सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल में भरती कराने पर असमर्थता व्यक्त कर दी है तो सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को इस बात पर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा है कि अगर बाकी किसान नेता किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल शिफ्ट करने का विरोध कर रहे हैं, राज्य सरकार इस मामले में खुद को असहाय बता रही है कि अगर पंजाब सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल शिफ्ट किया तो हालात राज्य में बिगड़ सकते है,यह पंजाब सरकार नहीं चाहती है।सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी को अस्पताल ले जाने से रोकने के लिए किसानों का इकट्ठा होना हमने पहले नहीं सुना था, हम उनके आचरण पर टिप्पणी नहीं करना चाहते पर जो लोग डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने से रोक रहे हैं वह आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में शामिल हैं।वे उनके शुभचिंतक नही है।क्या वे चाहते हैं कि डल्लेवाल आमरण अनशन करते हुए मर जाए। उनकी मंशा संदिग्ध हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह अवमानना का मामला है,मुख्य सचिव व डीजीपी पर आरोप क्यों नहीं लगने चाहिए।उन पर आरोप तय क्यों नहीं होने चाहिए।कोर्ट में सुनवाई के दौरान पंजाब की तरफ से कहा गया था कि अगर इस मामले में केंद्र सरकार हस्तक्षेप करती है तो मामला शांत हो सकता है। इस पर कोर्ट की तरफ से साफ कहा गया कि इस मामले कोई भी पूर्व शर्त नहीं होगी।किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल शिफ्ट करने पर ही किसान की मांगो पर विचार किया जाएगा। पंजाब सरकार किसान डल्लेवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यह कहे जाने से कि अगर उनको कुछ होता है तो उसके लिए पंजाब सरकार दोषी होगी। पंजाब सरकार की परेशानी बढ़ गई है क्योंकि किसान नेताओं व पंजाब सरकार की योजना ही यह थी कि किसान नेता डल्लेवाल के आमरण अनशन के नाम पर केंद्र सरकार पर दवाब डाला जाए कि वह आपकी तरफ से मांग नहीं मानने पर मर भी सकते हैं, सारा दोष केंद्र सरकार पर आएगा।केंद्र सरकार को झुकाना चाहते थे। किसान नेता जानते हैं कि बातचीत के आधार पर तो केंद्र सरकार से किसानों की मांगों को नहीं मनवाया जा सकता। इसलिए इस बार किसान नेता आमरण अनशन का हथकंडा अपना रहे हैं। इससे एक तरफ तो डल्लेवाल का किसान नेता के रूप में कद ऊंचा हो रहा है। वही पंजाब सरकार किसानों व कोर्ट के बीच फंस गई है क्योंकि कोर्ट ने साफ कह दिया है कि डल्लेवाल को पहले अस्पताल में शिफ्ट किया जाए, अगर ऐसा नहीं किया जाता है और उनको कुछ होता है तो इसके लिए पंजाब सरकार दोषी है। पंजाब सरकार डल्लेवाल को अस्पताल शिफ्ट कर किसानों की नाराजगी मोल नहीं लेना चाह रही है। कोर्ट पंजाब सरकार पर इसके लिए निरंतर दवाब बनाए हुए है।

हादसा

मनोज कुमार अग्रवाल

# बीत रहे साल के अंतिम दिनों में एक दुखद विमान दुर्घटना

बीत रहा साल 2024 एक बड़ा विमान हादसे का सबब दे गया। साउथ कोरिया में रविवार को हुए विमान हादसे के बाद हवाई यात्रा सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। ऐसे में यह आशंका भी



स्वाभाविक है कि लोग जिस विमान में सवार हैं, वह सही सलामत पहुंचेगा या नहीं! इसका कारण है कि पिछले कुछ समय से लगातार दुर्घटना हो रही है। ताजा दुर्घटना में दक्षिण कोरिया में एक हवाई अड्डे पर रविवार को उतरते समय यात्री विमान में आग लग गई। इस घटना में 176 लोगों की मौत हो गई। इनमें 83 महिलाएं और 82 पुरुष शामिल हैं। हालांकि 11 अन्य लोगों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी। विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। जानकारी के मुताबिक यह देश में अब तक हुए सबसे भीषण विमान हादसों में से एक है। विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था। जेजू एयर का विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया और मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बाड़ की दीवार से टकरा गया। बैंकॉक से लौट रहे इस विमान में चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 181 लोग सवार थे। संदेह है कि लैंडिंग गियर में खराबी शायद एक पक्षी के टकराने की वजह से हुई है. जो दुर्घटना का कारण बन सकती है।

आपको बता दें कि इससे पहले शनिवार देर रात को हैलिफैक्स एयरपोर्ट पर एयर कनाडा के एक विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। पीएएल एयरलाइंस की फ्लाइट एसी 2259 शनिवार रात क्रैश होने से बाल-बाल बची। हालांकि अच्छी बात यह रही कि फ्लाइट में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक विमान में आई तकनीबी खराबी के कारण विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद फ्लाइट में आग लग गई। लैंडिंग में थोड़ी सी भी देरी किसी बड़े हादसे की वजह बन सकती थी। इससे पहले नॉर्वे के ओस्लो टॉप सैंडफियोर्ड एयरपोर्ट पर शनिवार देर रात को केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस का विमान इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान फिसल गया। ओस्लो एयरपोर्ट से एम्स्टर्डम की ओर जा रहा बोइंग 737-800 विमान के हाइड्रोजन सिस्टम में खराबी आ गई थी। इसके बाद विमान को ओस्लो से 110 किमी दक्षिण सँडफियोर्ड एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया गया। सुरक्षित लैंडिंग के बावजूद विमान रनवे से फिसल गया और पास के घास



वाले क्षेत्र में जाकर रुका। बड़ा हादसा होते-होते बचा। इस विमान में बाल-बाल 182 लोगों की जान बची। जिस दौर में निजी विमान कंपनियों के अलावा सभी देशों की सरकारों के द्वारा हवाई यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाने का दावा किया जा रहा है, उस दौर में लगातार हो रही दुर्घटनाएं बड़ा सवाल खड़ा करती है। इस महीने दुनिया भर में कुल 6 विमान हादसे हुए हैं, जिनमें 234 लोगों की मौत हो गई है। ये आंकड़े वाकई डराने वाले हैं। इससे पहले कजाखस्तान में अकताऊ शहर के निकट अजरबैजान एयरलाइन्स का एक विमान बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे 38 लोगों की मौत हो गई। विमान ने अजरबैजान की राजधानी वाकू से रूस के शहर ग्रॉजी के लिए उड़ान भरी थी। अजरबैजान एयरलाइन्स के अनुसार विमान में सवार 42 यात्री अजरबैजान के नागरिक थे। इसके अलावा इसमें 16 रूसी नागरिक, कजाखस्तान के छह और किर्गिस्तान के 3 नागरिक भी थे। मोबाइल फोन से बनाई गई वीडियो में विमान को तेजी से जमीन पर गिरते और उसमें आग लगते देखा जा सकता है। एक अन्य फुटेज में विमान का पिछला हिस्सा पंखों से अलग होते हुए और बाकी हिस्सा घास में उल्टा पड़ा हुआ दिखा। इसी महीने ब्राजील के दक्षिणी शहर ग्रामाडो के शहरी केंद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 10 लोगों की मौत हो गई। 17 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह दुर्घटना विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद हुई। विमान एक इमारत की चिमनी से टकराया, फिर एक आवास से और अंत में फर्नीचर की दुकान से जा टकराया। अधिकतर लोग दुर्घटना के दौरान लगी आग से निकलने वाले धुएं के कारण बीमार हो गए। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। न्यू गिनी में नॉर्थ कोस्ट एविएशन की ओर से संचालित वीएन 2 बी-26 आइलैंडर 22 दिसंबर को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। यह विमान वासु एयरपोर्ट से लाए-नदजव हवाईअड्डे के लिए चार्टर उड़ान पर था। वहीं, अर्जेंटीना में सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के पास बॉम्बार्डियर बीडी-100-ए 110 चैलेंजर 300 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों पायलट मारे गए। यह विमान पुंटा डेल एस्टे हवाई अड्डे से सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के लिए उड़ान पर था, जो रनवे से आगे निकल गया और बाड़ व पेड़ से टकरा गया। इस टकर से उसमें आग लग गई। इसके अलावा 17 दिसंबर को 208बी ग्रैंड कारवां हवाई के होनोलूलू में इनौवे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दोनों पायलटों की मौत हो गई थी।

जान लें कि विमान हादसों के कई कारण होते हैं, जिसमें पक्षियों से टकराना एक मुख्य कारण है। पिछले कुछ वर्षों में हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए कई कदम उठाए गये हैं। आम लोग विमान से यात्रा इसलिए करते हैं, क्योंकि इसमें सबसे कम समय लगने के साथ ही सबसे सुरक्षित भी माना जाता है। लेकिन जिस प्रकार से लगातार विमान हादसे हो रहे हैं, वे दुःखद होने के साथ ही चिंतनीय भी है। जहां तक भारत का सवाल है, यहां विमान यात्रा कितना सुरक्षित है, यह किसी से छिपा नहीं है। उड़ान के दौरान इंजन खराब होने, रनवे पर टायर फटने, विमान के फिसल जाने, उतरते वक्त पहिए नहीं खुलने और इसी तरह की अन्य घटनाएं आम हो गई हैं, जिनसे सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। जाहिर है, ऐसे हादसे विमानों की तकनीकी गड़बड़ी से ही होते हैं। जरूरत इस बात की है कि हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए कदम उठा जाए। यह बात सर्वविदित है कि जब भी कोई बड़ा विमान हादसा होता है, तो इसमें यात्रियों की वचने की संभावना काफी कम होती है। दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ हादसा इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऐसे में जरूरत है कि विमानन कंपनियां हवाई यात्रा को और सुरक्षित बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करें। लगातार बढ़ते विमान हादसों से हवाई यात्रियों के डर और भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है। अगर इसी प्रकार से दुर्घटनाएं होती रही, तो लोग हवाई यात्रा करने से परहेज करेंगे। इसलिए जरूरत है कि हवाई यात्राओं को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं,ताकि लोग निर्भय होकर हवाई यात्राएं कर सकें।विश्व भर में हवाई यात्रा को लेकर असुरक्षा की भावना बनी रहती है अभी सुरक्षित विमान यात्रा की दिशा में बहुत काम होना बाकी है अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी समुदाय को इस ओर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढि ?ा रहेगा। दांपत्य जीवन में शांति का वातावरण बना रहेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भाग-दौड करेंगे। इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। व्यापारियों को आज अधिक लाभ होगा। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। ऑफिस के रुके कार्यों को आज पूरा करने में सफल होंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज किसी समान की श्व.रू.ढ्ढ. पूरी हो जाएगी, नया समान लेने का भी मन बनायेंगे। आज बच्चे अपने किसी निर्णय में आपकी सलाह लेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे। अपनी बात को सकारात्मक ढ़ंग से लोगों के सामने रखेंगे, तो फायदा होगा।

कर्क राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। शिक्षकों के ट्रान्सफर की परेशानियां खत्म होंगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढि ?ा रहेगा। पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिए आज का दिन अच्छा है।

सिंह राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होने वाला है। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कन्या राशि-आज आपका दिन नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी उलझन में पड़े लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के चांसेस बढ़ेंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। इस राशि के कपड़ा व्यापारी अपने कारोबार को और बढ़ाने का विचार करेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे। आज बाहर के ऑयली खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। आज बिना किसी के मदद के भी आप धन कमा पानेस में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। अपने रुके कार्य को पूरी मेहनत से आज पूरा कर लेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा, साथ ही बच्चों के साथ पिकनिक का प्रोग्राम बना सकते हैं। बॉस आपकी मेहनत से खुश होंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

धनु राशि-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में आप अपना पसंदीदा कार्य करेंगे। आज आप अपने बच्चों को लेकर शॉपिंग मॉल जाएंगे, जहां बच्चे काफी खुश नजर आएंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की वृद्धि होगी।

मकर राशि-आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे। आज बेटी के परीक्षा का अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आपको किसी रिश्तेदार को दिया धन वापस मिल जायेगा। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करने में बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा। जीवन की नकारात्मकता दूर होगी।

कुंभ राशि- आज शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है, जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें। आज आपकी कोशिशें कामयाब होंगी। आज आप पिता द्वारा दी गयी जिम्मेदारियां निभाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज व्यापार में स्थिति अनुकूल बनी रहेगी। इस राशि के छात्रों को सफलता तक पहुंचने में कामयाबी मिलेगी। आपके द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों की तारीफ होगी, लोगों में सम्मान बढ़ेगा। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आएगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के स्रोत मिलेंगे। आज बुजुर्गों की सलाह से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आपको हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। पहले किये हुए निवेश का आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

# अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र दृष्टिकोण में, न कि नाम जपने में

प्रियंका सौरभ

सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण करके शोषितों की गरिमा पर जोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शोषितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में शोषितों का प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य शोषितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो शोषितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत शोषितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है।

बाबासाहेब अम्बेडकर की विरासत पर चल रहा राजनीतिक विवाद, इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे राजनेता, विशेष रूप से प्रमुख जातियों के, जाति-आधारित भेदभाव को सम्बोधित किए बिना इसका शोषण करते हैं। यह इस बात पर जोर देता है कि केवल पहचान के लिए नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और अवसरों के लिए लड़ते हैं और राष्ट्र के लिए अम्बेडकर के दृष्टिकोण पर जोर देते हैं। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अम्बेडकर के समर्थकों द्वारा ₹ईश्वर की गलत खोज₹ के बारे में हाल ही में की गई टिप्पणियों ने आधुनिक भारत में जाति व्यवस्था की निरंतरता पर चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। इन टिप्पणियों ने इस बात पर बहस छेड़ दी है कि क्या वे जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ दशकों से चल रही सक्रियता को कमजोर करती हैं। बी.आर. अम्बेडकर के विचार और दृष्टिकोण अत्यधिक प्रासंगिक बने हुए हैं, जो न केवल शोषितों के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। अम्बेडकर के सिद्धांतों को चुनिंदा रूप से अपनाना और हाशिए पर पड़े समूहों से सम्बंधित मुद्दों पर अपर्याप्त ध्यान उनके मिशन के सार को कमजोर करता है। अम्बेडकर को देवता बनाने की प्रथा सामाजिक परिवर्तन और समुदाय को सशक्त बनाने में उनके अपार योगदान में निहित है।

राजनेता, जिनमें से अधिकांश प्रमुख जातियों से हैं, जातिगत भेदभाव को सम्बोधित किए बिना अंबेडकर की विरासत पर बहस कर रहे हैं। कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की पहल का विरोध किया, आरक्षण और मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध किया। पार्टी ने जातिगत वास्तविकताओं को सम्बोधित करने के बजाय शोषितों को एक गरीब वर्ग (₹गरीब जनता₹) के रूप में माना। बजट आवंटन के बावजूद शोषितों को अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो 50-60 साल पहले की तरह ही है। अंबेडकर की विरासत पर संसद की बहस प्रमुख जाति के राजनेताओं के बीच जातिगत प्रवचन की सतहीता को उजागर करती है। बुलंद बयानबाजी के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव प्रणालीगत बना हुआ है, जिसका सबूत शोषितों के खिलाफ हिंसा जैसी चल रही घटनाओं से मिलता है। शोषितों के मुद्दों को उठाने में इंडिया ब्लॉक की तीव्रता हाशिए पर पड़े समूहों के संघर्षों की वास्तविक समझ की कमी के विपरीत है। सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण कर-के शोषितों की गरिमा पर जोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य शोषितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में शोषितों का प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य शोषितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है।

अंबेडकर के विचार शोषितों से परे हैं, जो सभी हाशिए पर पड़े समूहों के लिए भेदभाव और असमानता का समाधान प्रस्तुत करते हैं। ध्यान अस्तित्व से हटकर समान अवसर और शासन और प्रशासन में प्रतिनिधित्व की आकांक्षाओं पर केंद्रित हो गया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो शोषितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत शोषितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है। केवल पहचान की राजनीति से परे समान अवसर, शासन में समानता और अपनी आकांक्षाओं के लिए सम्मान चाहते हैं। उनका संघर्ष आकांक्षा और राष्ट्रीय समावेशिता के व्यापक विषयों को शामिल करता है। पहचान के संकट से नहीं जूझ रहे हैं; उनका संघर्ष सम्मान, मान्यता, अवसर और समानता पर केंद्रित है। अंबेडकर से लेकर कांशीराम, मायावती और रामविलास पासवान जैसे नेताओं तक, आंदोलन लचीलेपन और आकांक्षाओं की विरासत पर आधारित है। दशकों से तुष्टिकरण की राजनीति ने शोषितों को वंचित रखा है, कुछ लाभ प्रदान किए हैं जबकि समानता की उनकी आकांक्षाओं को दबा दिया है। अंबेडकर की विरासत पर बहस आधुनिक भारत में जातिगत भेदभाव की निरंतरता को रेखांकित करती है। जाति मानव समानता और सम्मान के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण विश्वासघात बनी हुई है, जो सच्ची सामाजिक प्रगति में बाधा डालती है। जाति-आधारित पूर्वाग्रहों को चुनौती देने और समुदायों में आपसी सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें। भेदभाव विरोधी कानूनों को लागू करें और जाति-आधारित हिंसा और असमानता के लिए कठोर दंड का प्रावधान करें। शोषितों और अन्य हाशिए के समूहों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों तक पहुँच का विस्तार करें। सामूहिक गौरव को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर अंबेडकर जैसे नेताओं के योगदान को पहचानें और उनका सम्मान करें।

## नववर्ष चिंतन आलेख

# रोते कैलेंडर को हंसाएं

विजय मिश्रा 'अमित'

नये वर्ष के आगमन की खुशी में पुराने



वर्ष की न आखरी रात लोग झूम रहे थे। गांव-शहर, गली में नाच-गाना, खाना-पीना चल रहा था, पर मैं चूंकि अपने नये वर्ष की शुरूआत हिन्दू पंचांग के मुताबिक चैत्र के माह को मानता हूं, अतः इन सबसे दूर था और रोज की तरह बिस्तर पर जल्दी ही लुढ़क गया था, किन्तु नये वर्ष के ढोल ढमाका, हो हल्ला और बीच-बीच में फूटने वाले कान फोड़ पटाखों की आवाज से मेरी नींद उचट गई थी। तभी मेरे कान में किसी के सिसकने की आवाज सुनाई दी। मैं उस दिशा में चल पड़ा जहां से सिसकने की आवाज आ रही थी।

कुछ कदम आगे जाने के उपरान्त मैंने देखा कि बरान्डे की दीवाल पर कील में टंगा कैलेंडर फड़फड़ाते हुए सिसक रहा है मानो छाती पीट-पीट कर रो रहा हो। मैं उसे देख कर भौंचक रह गया और करीब जाके पूछा- क्यों भाई कैलेंडर, पूरी दुनिया नये वर्ष के आगमन के उल्लास में डूबी हुई है और तुम कलप-कलप कर रो रहे हो। ऐसी क्या पीड़ा तुम्हें हो रही हैं ?

मेरे इस सवाल को सुन कर कैलेंडर अपने बहते हुए आंसू पोछते हुए बोला-अजीब आदमी हो, क्या तुम्हें मालूम नहीं कि आज मेरी जिंदगी की आखरी रात है। कल मेरी जगह नया कैलेंडर टंग जायेगा और मैं कचरे की तरह फेंक दिया जाउंगा। मुझे कोई याद करने वाला भी नहीं बचेगा।

अच्छा...... तो तुम्हें इसी बात का दुःख है कि अब तुम्हें कोई पूछेगा नहीं। अरे भाई कैलेंडर तुम्हें तो खुश होना चाहिये क्योंकि कल सुबह नये वर्ष पर तुम्हारें छोटे भाई अर्थात नये कैलेंडर को तुम्हारी जगह सुशोभित होने का अवसर मिलेगा।

मेरी यह बात सुन कर कैलेंडर गुस्से में फड़फड़ा उठा और बोला- आदमी की जात सिर्फ अपने स्वार्थ और अपने फायदे को पहले देखते हो तभी मेरी यह बात सुन कर कैलेंडर गुस्से में फड़फड़ा उठा और बोला- आदमी की जात सिर्फ अपने स्वार्थ और अपने फायदे को पहले देखते हो, तभी तो मेरे लिए भी ऐसी घटिया सोच तुम्हारी बन गई हैं। कान खोल करसुनो, मैं इसलिए नहीं रो रहा हूं कि कल मेरी जगह नया कैलेंडर आ जायेगा। मैं तो ये सोच-सोच कर रो रहा हूं कि बारह महीने मैं तुम लोगों को होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस जैसे अनेक त्योंहारों की तारीख बताते रहा। ऐसे त्यौहार और विशेष दिनों की सूचना देते आपसी भाईचारा को बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़-पौधा लगाने, पानी बचाने, नशापान से दूर रहने का संदेश देता रहा पर तुम लोगों ने मेरी बातों की परवाह नहीं की।

क्या बात कर रहे हैं कैलेंडर भाई ? मैं कैलेंडर को टोंकते हुए बोला-हम तो आपके बताये त्यौहार के मुताबिक खूब जश्न मनाते रहे। वर्ष भर हमनें अलग-अलग त्यौहारों का मजा लिया। भला हमारे त्यौहार मनाने में तुम्हें क्या कमी, क्या खोट दिखाई दी जो कि इतना गुस्सा कर रहे हो ?

मेरा यह सवाल सुन कर कैलेंडर दबंग आवाज में बोला- आग लगे तुम लोगों के त्यौहार मनाने के ढंग में। अरे तुम लोग तो बारहों महिना त्यौहारों की आड़ में लड़ते-झगड़ते रहे। तुम्हारा कोई भी त्यौहार बिना नशा, शराबखोरी के बिना पूरा होते नहीं दिखा। इसीलिए मै अपनी जिंदगी को व्यर्थ गया कहते हुए रो रहा हूं। वर्ष भर हरेक दिन की महिमा को बताते-बताते मैं पानी में डूबे मिट्टी के डल्ले की तरह घुलता रहा, पर तुम नहीं सुधरे कुत्ते की पूंछ की टेढ़े के टेढ़े रह गये और आज मेरा अंतिम दिन आ गया।

कैलेंडर अपने आंख से धार-धार बहते आंसू को पोछने रूका और एक गहरी सांस लेने के बाद फिर गंभीर आवाज में बोला- अरे, मुझे तो मालूम था कि एक जनवरी को मेरा जन्म हुआ और इकतीस दिसम्बर की रात मेरी जिंदगी की आखरी रात होंगी, पर तुम लोगों को तो इस बात का जरा भी ज्ञान नहीं होता कि तुम्हारी जिंदगी का दीपक कब बुझ जायेगा ? इसीलिए समझा रहा हूं कि नये वर्ष में अच्छे-अच्छे काम करना। मैं और मेरा के चक्कर में पड़ने के बजाय हम और हमारे के भाव को लिये हुए प्रेम की डोर में बंध जाना। रूपया-पैसा और पद-प्रतिष्ठा के घमण्ड में पड़े अकड़े मत रहना, नहीं तो जिंदगी के आखिरी दिन कोई नाम लेने वाला भी नहीं बचेगा।

कैलेंडर की बातें ध्यान से सुनते-सुनते मैंने फिर सवाल किया- अरे भईया कैलेंडर जरा साफ-साफ बताओ कि नये वर्ष में हमें क्या करना चाहिए। मेरे इस सवाल पर शायद कैलेंडर को नई उम्मीद की किरण दिखाई दीं वह थोड़ा सा मुस्काया और बोला- नये वर्ष में अपनी मिट्टी, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति की रक्षा का संकल्प लो और ये गांठ मन में बांध लो कि नये वर्ष में नये भारत का सृजन करेंगे, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा से दूर रहेंगे। देश की रक्षा खातिर जो हुए बलिदान उनको नित नमन करेंगे।

कैलेंडर के ऐसे विचारों को सुनकर मेरे हृदय में उत्साह की नई उमंगे हिलोरे मारने लगी। मैं कैलेंडर को अपने दोनों हाथों से लिपटाते हुए बोला- कैलेंडर भईया, आप भरोसा रखो नये वर्ष के नये कैलेंडर की जिंदगी को हम व्यर्थ जाने नहीं देंगे। हर दिवस, पर्व, उत्सव की महिमा के अनुरूप कार्य करेंगे। मेरे ऐसे विचार को सुन कर कैलेंडर के चेहरे पर खुशी के भाव उभर आये और वह मां की गोद में किलकारी भरते बच्चे की भांति आंखे बंद कर सो गया।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**दंतेवाड़ा, 31 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रति निर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा- आपत्तियों का निपटान गुरुवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**दंतेवाड़ा, 31 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय अनुसूची) में संशोधन किया गया है।इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रति निर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराए जाएगें। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा- आपत्तियों का निपटान गुरुवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाने तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराने और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।

### अब तक 102422 किसानों से 576381.2 टन धान खरीदा गया

**महासमुंद 31 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी श्री अविनाश शर्मा ने बताया कि 27 दिसम्बर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 102422 किसानों से 576381.2 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 1325 करोड़ 67 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केन्द्रों में एक करोड़ 93 लाख 63 हजार 149 बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 99 लाख 46 हजार 527 नया बारदाना है।

74 लाख 61 हजार 5 बारदाना मिलर से प्राप्त, 15 लाख 76 हजार 561 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 3 लाख 79 हजार 56 बारदाना प्राप्त हुआ है। एक करोड़ 33 लाख 26 हजार 408 बारदाने का उपयोग उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। अभी 60 लाख 36 हजार 741 बारदाना शेष है।

### बीत जाते वर्ष

बीत जाते वर्ष पर,
छाप अपनी छोड़ जाते हैं।
खुशियों भरे पलों की भीनी खुशबू
दिल को महकाती हैं।
की गई गलतियाँ
सीख दे जाती हैं।
आने वाले पल
एक नूतन आशा के साथ आते हैं।
नई आशाओं व संकल्पों के साथ
नव वर्ष का है स्वागत करना।
बीते हुए वर्ष के अनुभव से
जीवन में है आगे बढ़ना।
लिए संकल्प बहुत थे
बीते हुए वर्ष में।
कुछ छूट गए, कुछ रूठ गए,
कुछ साथ चले नव वर्ष में।
आइए मिलकर नूतन संकल्प
लें नव वर्ष में।
संकल्पों व स्वप्नों को
साकार करेंगे आगामी वर्ष में।



**हेमलता जायसवाल**
झारसुगुड़ा, उड़ीसा

# साल 2024 की विदाई और नये साल के जश्न की तैयारी में जुटे लोग

- मंदिरों और पर्यटन स्थलों में भी सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी
- अपने अपने अंदाज में लोग कर रहे पुराने साल की विदाई और नये साल की स्वागत की तैयारी







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 31 दिसंबर।** आज साल का अंतिम दिन है यानी थर्टी फस्ट दिसंबर। हर साल की तरह इस बार भी गुजरते वर्ष 2024 के अंतिम पल को विदाई देने तथा नये साल 2025 के स्वागत के लिए लोग तैयारियों में जुट गए हैं। जैसे जैसे साल का आखरी दिन खत्म होता जा रहा है लोगों में नये साल के जश्न की खुमारी बढ़ती जा रही है। हमेशा की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में पर्यटक शक्तिपीठ दंतेवाड़ा मां दंतेश्वरी के दर्शन पूजन समेत जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे हैं। सैलानियों की बढ़ती संख्या को देख नगर में सुरक्षा के भी चाक चौबंध इंतजामात किए गए हैं।

गौरतलब है कि हर वर्ष साल के आखरी दिन को सेलिब्रेट करने युवाओं की टीम अलग अलग जगहों पर एकत्र होकर अपने अपने अंदाज में थर्टी फस्ट मनाते हैं। आज साल का आखरी दिन होने से इस खास मौके को अपने अपने यादों में कैद कर लेना चाहते हैं। गुजरते साल की विदाई एवं नये साल के जश्न की तैयारी लोगों के सर चढ़कर बोल रही है। आने वाले साल 2025 को यादगार बनाने हर कोई अपने अपने अंदाज में सेलिब्रेट करने में लगा हुआ है। कहीं पार्टी की तैयारी चल रही है तो कहीं कोई गीत संगीत के तराने छेड़कर धुमधड़ाके के साथ नये साल के स्वागत में जुटा है। ज्यादातर बाहर से आने वाले सैलानी पर्यटन स्थलों में जाकर पहाड़, नदी, झरनों व घने जंगलों के बीच सुरम्य वादियों में पहुंचकर पूरी मस्ती के साथ नया साल मनाने में लगे हुए हैं। है। बता दें कि बीते पखवाड़े भर से थर्टी फ्रस्ट सेलिब्रेशन तथा नये साल के स्वागत की तैयारियों में लोग जी जान से जुटे हुए हैं। आज 31 दिसंबर है अर्थात साल का आखरी दिन। इस दिन को यादगार बनाने के लिए लोग कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते। बाहर से भी बड़ी संख्या में प्रतिदिन पर्यटक दंतेवाड़ा पहुंच मां दंतेश्वरी के दर्शन उपरांत बारसूर, फूलपाड़, सातधार, गोदगोदा, ढोलकल, झारालावा, मूचनार, तुलार गुफा, चित्रकोट, हांदावाड़ा, बचेली बैलाडिला के आकाशनगर स्थित लौह अयस्क के पहाड़ों को देखने की सैर में निकल रहा है तो कोई अपने परिवारजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर भगवान के दर्शन पूजन के लिए जा रहा है। कई पर्यटक इंद्रावती, शंखनी, डंकनी, गोदगोदा नदी किनारे भी बैठकर भोजन बनाकर सामुहिक भोज का आदंन उठाते भी नजर आ रहे हैं। जिसको जैसा ठीक लग रहा है उस तरह से साल के विदाई और नये साल के स्वागत को सेलिब्रेट करने में लोग लगे हुए हैं। मटन, चिकन दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। मांसाहार के शौकीन लोग पूर्व में ही आर्डर देकर अपने लिए मटन चिकन का जुगाड कर लिए हैं। वाइन शॉप में भी सुबह से शाम तक मदिरा प्रेमियों की जमघट देखी जा रही है। कुछ लोग गंदी आदतों से तौबा कर अच्छे चीजों को नये साल से अपनाने कसमें खा रहे हैं तो कोई मांस मदिरा को हमेशा के लिए त्याग देने की बातें कह रहा है। वन विभाग द्वारा निर्मित वन मंदिर को देखने सैलानियों की भारी भीड़ हर रोज उमड रही है। वन मंदिर के अंदर बैठकर भी लोग पिकनिक का लुत्फ उठा सेलिब्रेशन कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुराने साल के गुजरते वक्त के साथ साल की खटटी मीठी यादें और नये साल के जश्न की तैयारियों में लोग मशगुल हुए पड़े हैं। रात जैसे ही 12 बजेगा पूरा शहर फटाखों की गुंज से गुजाएमान हो उठेगा। कहीं पार्टियां होगी, कहीं प्रार्थना होगा अर्थात अलग अलग तरह से लोग पुराने साल की विदाई और नये साल के स्वागत की तैयारियों में लोग लगे हुए हैं। नये साल के जश्न में कहीं कोई अप्रिय घटना न हो, जश्न में कोई खलल न हो इसके लिए पुलिस भी पुरी तरह से चौकस है। चौक चौराहों पर जवान गश्त कर रहे हैं रात में भी पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। हर तरह से नगर में शांति बनी रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन पुरी तरह से तैयार है।

## आरक्षण कटौती के विरोध में पिछड़ा वर्ग समाज ने 2 घंटे तक एनएच-30 पर चक्का जाम किया,ज्ञापन सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 31 दिसंबर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज सुकमा में बंद चक्का जाम का व्यापक असर रही, पिछड़ा वर्ग समाज ने चार सुत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पिछड़ा समाज जिले भर से भारी संख्या में भीड़ उमड़ी थी। पिछड़ा वर्ग समाज के जिलाध्यक्ष धनीराम यादव, यादव समाज के जिलाध्यक्ष ठडगू राम समेत OBC समाज के अन्य पदाधिकारीयों की मौजूदगी रही है। जिले के बस स्टैंड के पास OBC समाज ने NH 30 को 2 घंटे तक चक्का जाम कर दिया गया। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के आरक्षण कटौती को लेकर कांग्रेस, बहुजन समाजवादी पार्टी, सीपीआई ने समर्थन किया। सुकमा जिले में चक्का जाम आंदोलन इतिहासिक बंद देखने मिला। आरक्षण कटौती को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग समाज आक्रोश नज़र आ रही है। जिला मुख्यालय सुकमा में आज सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगती है लेकिन सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के बंद चक्का जाम के आह्वान पर साप्ताहिक बाजार बंद कर दी गई है। वहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद कर व्यापारियों के द्वारा समर्थन करते हुए नज़र आ रहे हैं। ज्ञात हो कि स्वस्थ्य सेवाएं पेट्रोल पंप संचालित हो रही है। टेक्सी,आटो वाहनों बस सेवाएं 2 घंटे तक बाधित रही। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज, बस्तर संभाग में पंचायती राज अधिनियम के तहत 2024 में आरक्षण को संशोधित करते हुए पिछड़ा समाज के लिए निर्धारित 25% को शिथिल करते हुए 50% करने का प्रावधान किया गया है, बस्तर संभाग एवं दुर्ग संभाग के दो जिले मोहला मानपुर एवं बालोद जिला के लिए लगभग शून्य है क्योंकि 50% आरक्षण बस्तर एवं सरगुजा संभाग को नहीं मिल पा रही पिछड़ा वर्ग के पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में सीटों का आरक्षण लागू किया जा रहा है आरक्षण रोस्टर से स्पष्ट है कि विगत चुनाव के अनुपात 2024 के आरक्षण रोस्टर में ओबीसी वर्ग के सीटों की संख्या कम हुई है। ऐसा आरक्षण किस आधार पर हुआ है? इसका भी ज्ञान ओबीसी समुदाय को नहीं हो रही है। आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है जिसका सुधार किया जाना अति आवश्यक है। बस्तर संभाग के अलावा मानपुर एवं बालोद जिला में निवासरत पिछड़ा वर्ग समाज अधिकारों के साथ पूरी तरह से खिलवाड़-छलावा है।

### लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करें: कलेक्टर

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को समय सीमा की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखंड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अपनी समस्या लेकर आने वाले नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ मिले और समस्याओं का समुचित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिक बहुत उम्मीद के साथ कार्यालयों में आते है, ऐसे में उनके साथ उचित व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने और निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें। समय सीमा कई बैठक में कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन के प्रकरण पर संलिप्त लोगों पर एफआईआर करने के निर्देश दिए है। उन्होंने खनिज एवं राजस्व विभाग को नियमित रूप से कार्रवाई करने कहा है।

## दोरनापाल में पहली बार व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दोरनापाल,31 दिसंबर।** व्यक्तित्व विकास शिविर, जो राष्ट्र की संस्कृति और परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा भारत को एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र है। यह शिविर न केवल युवाओं को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास का गहन ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, सामर्थ्यवान और समाज के प्रति समर्पित बनाने के लिए शारीरिक व मानसिक प्रशिक्षण भी देता है। सुकमा जिले के दोरनापाल में आयोजित इस शिविर का समापन समारोह 29 दिसंबर 2024 को हुआ। 22 दिसंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में युवाओं को भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परंपराओं और विश्व योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मरक्षा, समाज रक्षा और राष्ट्र रक्षा के लिए सक्षम बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। युवाओं को सिखाया गया दंड संचालन , योग व व्यक्तित्व निर्माणशिविर में नियुद्ध, दंड संचालन, समता और योग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जो युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है, इस शिविर में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और समाज के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।इस प्रकार के शिविरों का आयोजन संगठित भारत और समर्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन शिविरों के माध्यम से तैयार किए गए युवा, अपने ज्ञान, कौशल और समर्पण के साथ राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं।व्यक्तित्व विकास शिविर के समापन समारोह का आयोजन 29 दिसंबर 2024 को दोरनापाल में हुआ । इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक महेंद्र नायक जी उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में युवाओं को संगठित और समर्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों ने राष्ट्रीय चरित्र, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।समारोह के समापन में नगर के गण्यमान्य लोगो ने हिस्सा लिया साथ ही पूरे आयोजन में दोरनापाल नगर वासियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में नगर के सम्माननीय बुजुर्ग वर्ग ,महिला , पुरुष व बच्चे सम्मिलित होते हुए समारोह की शोभा बढ़ाया। तथा आयोजित हुई प्राथमिक वर्ग को नजदीक से जाना समारोह की अध्यक्षता विभाग प्रचारक महेंद्र नायक जी व जिला कार्यवाह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में शिविर के उद्देश्यों की सराहना की और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह समापन समारोह शिविर में भाग लेने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके जीवन में नए उद्देश्य और दिशा का संचार किया

## तुमगांववासियों के मन में प्रभु श्रीराम के प्रति है अगाध प्रेम:साध्वी वर्षा नागर



**महासमुंद।** तुमगांव में घनश्याम चंद्राकर-श्रीमती श्यामकुंवर चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित भव्य श्रीराम कथा का आज 30 दिसंबर को हवन पूजन के साथ विराम हुआ। सप्त दिवसीय श्रीराम कथा में महामंडलेश्वर साध्वी अन्नपूर्णा गिरी जी (वर्षा नागर) निरंजनी पंचायत अखाड़ा उज्जैन मध्यप्रदेश द्वारा भक्तों को भगवान श्रीराम अमृत कथा का रसपान कराया गया। 28 दिसंबर को भरत चरित्र तथा 29 दिसंबर को सीता हरण, रावण वध कथा, श्रीराम राज तिलक कथा के प्रेरक प्रसंग भक्तों को श्रवण कराया गया। इस अवसर पर साध्वी वर्षा जी नागर ने कहा कि भरत के चरित्र से आज लोगों को सीख लेनी चाहिए। पिता के आज्ञा से जब प्रभु श्रीराम वन गमन करते हैं। तथा ननिहाल से जब भरत वापस अयोध्या लौटते हैं। तब उन्होंने राज सिंहासन में बैठने से मना कर दिया। 14 वर्ष प्रभु श्रीराम वन में रहे उसी तरह मुनि वेश धारण कर भरत ने भी 14 वर्ष तक सिंहासन की रक्षा की। उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरण पादुका की पूजा कर श्रीराम के अमानत के रूप में सिंहासन को खाली रखा। तथा एक सेवक की भांति अयोध्या की रक्षा करते हुए प्रभु का इंतजार किया। आज भाई-भाई में जमीन-जायदाद के लिए झगड़े हो रहे हैं। ऐसे में रामायण के पात्र भरत का चरित्र आज प्रेरणा है। उन्होंने कभी सिंहासन का लालच नहीं किया। महात्मा भरत वंदनीय है। साध्वी वर्षा नागर ने कहा कि तुमगांव के नागरिक अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, यहां जगत के पालनहार श्रीराम कथा रूपी अमृत धारा प्रवाहित हो रही है। निश्चित ही चंद्राकर परिवार के पुण्य कर्मों का लाभ आज धर्म नगरी तुमगांव वासियों को मिल रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं के उत्साह व भक्ति को प्रणाम कर कहा कि यहां लोगों में प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध प्रेम व भक्ति देखने को मिल रहा है।उल्लेखनीय है कि श्रीराम कथा स्थल पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में तुमगांव सहित आसपास के गांवों से कथा श्रवण करने भक्त गण पहुंचते रहे। कथा प्रवचन के दौरान प्रभु श्रीराम के संगीतमय भजनों में श्रोता झूमते नजर आएं। कथा श्रवण हेतु नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यदु, द्रोण, गंगा साहू, भुनेश्वर साहू, सहित नपं के समस्त पार्षद गण, जनप्रतिनिधियों सहित आयोजक घनश्याम चंद्राकर, श्रीमती श्यामकुंवर चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, श्रीमती वंदना चंद्राकर, शिव-श्रीमती मधु, दिनेश-श्रीमती पिंकी, पोषण - श्रीमती माला, श्रीमती दिनेश्वरी-नरोत्तम, श्रीमती श्रेया-यश, राधेश्याम-श्रीमती कुमारी बाई, श्यामलाल - श्रीमती उमा देवी, वैभव, भूमिका, रितिका, चिराग, दृष्टि, सृजन, प्रकाश, वासु, वाणी, अनन्य, अथर्व, अनुष्का, अंश सहित तुमगांव के सैकड़ों महिला-पुरुष प्रतिदिन उपस्थित हुए।

## जैन समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग को लेकर समाज ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**नारायणपुर, 31 दिसंबर।** नारायणपुर जिले में पिछड़ा वर्ग के द्वारा दुकानें बंद कर व्यापारियों से समर्थन मांगने के दौरान एक व्यक्ति अर्जुन देवांगन द्वारा जैन व्यापारी पर जैन समाज को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई जिसको लेकर टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए जैन समाज द्वारा नारायणपुर थाना तक रैली निकालकर पहुंचे और उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की । पंकज जैन अध्यक्ष जिला व्यापारी संघ ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा उनकी मांगों को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन पर समर्थन मांगा था जिस पर 12 बजे तक दुकानें बंद रखने की बात कही गई थी । दुकानें बंद कराने घूम रहे व्यक्ति द्वारा जैन समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करना निंदनीय है जिसका व्यापारी संघ भी विरोध करता है । वही जैन समाज के सदस्य जवरीलाल चौरड़िया ने कहा कि अर्जुन देवांगन व्यक्ति द्वारा जैन समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करना गलत है जिससे समाज आहत है इसलिए समाज द्वारा रैली निकालकर थाना पहुंच ज्ञापन सौंप उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है ।

## एयरो मॉडलिंग तकनीक सीख रहे बच्चे



**दंतेवाड़ा 31 दिसंबर।** दक्षिण बस्तर के बारसूर स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को एयरो मॉडलिंग के अंतर्गत रिमोट से उड़ाए जाने वाले मॉडल एरोप्लेन बनाना व उड़ाना सिखाया जा रहा है। इससे बच्चों को हवाई जहाज के उड़ने के सिद्धांत की बारीकियां थ्योरी के रूप में तो पता चल ही रही है, साथ ही प्लेन की फ्लाइट में विज्ञान के बरनौली सिद्धान्त, न्यूटन की गति के नियमों के काम करने के बारे में व्यवहारिक ज्ञान भी मिल रहा है। उन्हें फिक्स्ड विंग प्लेन के हिस्सों जैसे रडर, टेल फिन, विंग, थ्रस्ट, बॉडी, मेन बॉडी, प्रोपेलर, ब्रशलेस मोटर, लैंडिंग, टेकऑफ जैसी तकनीकी बातें जानने का मौका मिला है। इसके अलावा प्लेन को आगे, लेफ्ट- राइट और ऊपर-नीचे मूव करने में इनके कार्य के बारे में भी बताया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि केंद्र सरकार की पीएमश्री स्कूल योजना के तहत एमएलएनआईटी प्रयागराज से यह ट्रेनिंग देने एक्सपर्ट पहुंचे हैं। प्रयोग से ज्ञान अर्जन संबंधी 21 वीं सदी की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत यह ट्रेनिंग काफी कारगर होगी।उड़ान में बढ़ी रूचिएयरो मॉडलिंग सीख रही छात्राओं ने बताया कि पहले एयरोप्लेन को नजदीक से जानना और इसके मॉडल को उड़ान काफी रोमांचक लगा। प्रशिक्षण दे रहे इंस्ट्रक्टर डॉ बृजेश राय ने बताया कि इसकी ट्रेनिग देने से पहले बच्चों की अभिरुचि की जांच की जाती है। चयनित बच्चों को उड़ान के क्षेत्र में करियर की संभावनायें, एयरो डायनामिक्स, पायलट ट्रेनिंग के बारे में जानकारी दी जाती है।

## महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम

**सुकमा 31 दिसम्बर ।** मेरा सपना रहा कि अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर रहूं। इन सपनों में धुंधलापन आ गया था। वर्तमान में मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। मेरे परिवार में मेरे पति और दो बच्चे हैं। मेरे पति और मैं मजदूरी कर अपनी और बच्चों की आवश्यकताओं को पूरी करते हैं। अभी एक बच्चा स्कूल जाने लगा है और दूसरा आंगनबाड़ी में जाता है। महतारी वंदन योजना की हितग्राही सुकमा निवासी श्रीमती लक्ष्मी यादव उम्र 31 वर्ष बताती हैं कि हम दैनिक मजदूरी करते हैं जिससे आय का कोई निश्चित साधन नहीं है। कई बार बच्चों को अपनी जरूरतों से समझौता करना पड़ता था। ऐसे में कई बार हम दूसरों पर आर्थिक सहायता के लिए ज्यादा आश्रित रहते थे। घर के पास में ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दीदी रहती हैं।



उन्होंने हमें सरकार की महतारी वंदन योजना के बारे में बताया। इस योजना का लाभ लेकर सकते हैं। इस योजना के बारे में जानकारी मिली तो अपने पति से इस योजना के सम्बन्ध में बात की। फिर हमने बिना देरी किए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया। आवेदन करने के कुछ दिन बाद डीबीटी के माध्यम से मेरे बैंक खाते में एक हजार रूपए की राशि जमा हो गई। यह मेरे लिए आश्चर्यजनक था, परिवार की जरूरत पूरी करने की खुशी बढ़ गई क्योंकि सरकार की यह सहायता राशि हमारे लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। हम महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह मिल रही है। अब मुझे अपने बच्चों के भविष्य बनाने के लिए एक रास्ता मिल गया है। योजना से प्राप्त राशि के कुछ हिस्से को आवश्यक चीजों पर खर्च करती हूं और शेष राशि को अपने बच्चों के भविष्य के लिए जमा करती हूं। यह सब सिर्फ विष्णुदेव साय सरकार के महिला सशक्तिकरण योजना से सम्भव हो पाया है। महिलाओं के संबल के लिए चलाए जा रहे इस संवेदनशील पहल लिए मैं सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद देती हूँ।

## नववर्ष पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जगदलपुर की जनता को दी सौगात

**जगदलपुर,31 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव के दृढ़संकल्प एवं लगातार सक्रियता के चलते जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक श्री किरण देव की सक्रियता के चलते नव वर्ष में जनता को सौगात देते हुए जगदलपुर विधानसभा के आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय भवन में पहुंच मार्ग निर्माण कार्यों का लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति प्राप्त हुई है। आड़ावाल पुलिस आवासीय भवन में 1.250 किलोमीटर निर्माण कार्य लागत 74.15 लाख रूपये एवं परपा पुलिस आवासीय भवन में 1.250 किलोमीटर लागत 75.95 लाख रूपये, कुल 150 लाख रूपये की लागत से आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय कालोनी में सड़क निर्माण कार्य किया जायेगा। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान वहां की देवतुल्य जनता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी थी । जिस पर क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव ने जनमानस की भावना को पूर्ण रूप देते हुये सड़क निर्माण कार्य 150 लाख रुपये की लागत से पूरा होगा और जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य किया जाएगा। आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय कॉलोनी में सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग रही, जो आज विधायक श्री किरण देव के सक्रियता से पूरी हो रही है। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होगा और जनता को यह सौगात मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि जनता के मांग की अनुरूप लगातार जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी है। देवतुल्य जनता के मांग के अनुरूप उनकी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना हमारा प्रथम दायित्व है । हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य कर रही है। नव वर्ष पर जगदलपुर क्षेत्र की जनता को एक सौगात प्राप्त हुई है जिसके लिए हम हमारे सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री अरुण साव का जगदलपुर विधानसभा की जनता की ओर से सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हैं । वही आड़ावाल एवं परपा पुलिस आवासीय कॉलोनी के निवासियों ने 150 लाख रूपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्य के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव जी का सहृदय धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

# 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग ने किया चक्का जाम, सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 31 दिसंबर।** सर्व पिछड़ा वर्ग ने त्रिस्तरीय पंचायती राज और नगरीय निकाय के चुनावों में 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को भैरमगढ़ के जनपद कार्यालय के समीप धरना और चक्का जाम किया।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के रामलाल यादव और सुनील सोनी ने बताया कि यह बंद छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से चक्का जाम महाबंद बुलाया गया था। जिसमे सभी पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्य मौजूद थे जिन्होंने पुरे जोश के साथ महाबंद को सफल किया। महाबंद को सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस का समर्थन मिला था। धरना प्रदर्शन और चक्का जान 11.00 बजे से 1.00 बजे तक चला जिसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम विकास सर्वे को ज्ञापन सौंपा गया।

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बंद का समर्थन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार ने 3 दिसम्बर 2024 को अध्यादेश ला कर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड.) (3) को विलोपित कर दिया है। अतः अनुसूचित क्षेत्रों में अन्य पिछड़ा वर्ग की 75 प्रतिशत के अंदर की सभी सीट अब सामान्य वर्ग के लिए मुक्त हो गई है।



प्रकाश ठाकुर ने बताया कहा कि यह सरकार ने क्यों किया और किसकी सलाह से किया यह समझ से परे है। कुछ विद्वान यह सलाह दे रहे है की पंचायत चुनाव में आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकता है। यह असंवैधानिक है। लेकिन उनको यह समझना पड़ेगा की पंचायत राज व्यवस्था त्रि-स्तरीय है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत में जनसंख्या का अनुपात बदल जाता है। संविधान ने भी इसी बात को समझते हुए अनुच्छेद 243 (घ) (6) में राज्य सरकार को इसलिए यह शक्ति दी की वह पिछड़ा वर्ग के लिए भी प्रावधान कर सके। इसलिए राज्य सरकार को अब चाहिए की पंचायत चुनाव में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति का आरक्षण यदि 50 प्रतिशत के ऊपर भी जाता है तो भी अन्य पिछड़ा वर्ग को उसकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान करे।बीजापुर विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने पिछड़े वर्ग की अनदेखी को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि संवैधानिक मंशा के अनुरूप पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में अनुसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान जनसंख्या के अनुपात में किया।

साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग को अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले आरक्षण के बाद कुल 75 प्रतिशत में से जितना प्रतिशत बच रहा है उस पर पूरा शत प्रतिशत आरक्षण दिया। विष्णुदेव साय सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय में बहु संख्यक पिछड़ा वर्ग को अनदेखी की है। पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देना होगा।इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी, सर्व आदिवासी समाज के जग्गूराम तेलामी, सीताराम मांझी, लच्छू मोड़ियम सहित पिछड़ा वर्ग समाज के लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर 101 लाख की स्वीकृति जारी

**गरियाबंद, 31 दिसंबर।** राजिम विधायक रोहित साहू, के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना का अनुशंसा पर फिर्गेश्वर/ छुरा द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन के आधार पर 101 लख रुपए की वर्ष 2024-25 हेतु निम्न कार्य का प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय किया जाता है। टिन शेड निर्माण अटल चौक ग्राम पंचायत भैंसातरा/फिगेश्वर15 लाख, टिन सेट निर्माण बाजार चौक के पास अतरमारा छुरा 15 लाख, टिन शेड निर्माण ग्राम पंचायत कुकदा/ छुरा 15 लाखटिन शेड निर्माण गौठान के पास ग्राम पंचायत अमलोर/ छुरा 10 लाख,टिन शेड निर्माण ग्राम फिर्गेश्वरी ग्राम पंचायत अकलवारा / छुरा 15 लाख हाईमास्क स्ट्रीट लाईट ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द/डैगर 5 लाख ,हाईमास्क स्ट्रीट लाईट ग्राम नागिनबाहरा ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा / छुरा 4.00,स्ट्रीट लाईट आश्रित ग्राम बनलोहझर एवं करपी में ग्राम पंचायत अमेठी/छुरा 5 लाख,स्ट्रीट लाईट कार्य ग्राम पंचायत देवरी/छुरा 5 लाख,टिन शेड निर्माण कार्य हनुमान मंदिर के पास ग्राम देवगांव ग्रा.पं. चरभट्ठी/फिगेश्वर5 लाख,सी.सी. रोड निर्माण कार्य हाईस्कूल पहुंच मार्ग में ग्राम धुमा ग्राम पंचायत श्यामगनर / फिगेश्वर 5 लाख कुल योग :-101 लाख प्रशासकीय स्वीकृति राशि एक करोड़ एक लाख किया गया।

### जन समस्या निवारण शिविर में 40 आवेदन प्राप्त हुए




**गरियाबंद, 31 दिसंबर।** जिला कार्यालय में आयोजित प्रति सप्ताह जन दर्शन कार्यक्रम में आज जिलाधीश दीपक अग्रवाल को 40 लोगों ने अपनी समस्या, मांग, व परेशानियों को लेकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर आवेदन सौपा जिसमें प्रमुख रूप से नाली निर्माण, शाल का अतिरिक्त कक्ष निर्माण, राशन कार्ड, बनाने गलीकक्रेटीरण करने के साथ ही स्कूलों में स्थान भाव के चलते नया साल भवन व शिक्षकों की मांग प्रमुख रहा इन समस्याओं को देखते हुए जिलाधीश ने समस्त आवेदकों से कहा यथा संभव उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर बिंद्रानवागढ़ विस में 33 लाख के कार्य स्वीकृत

**गरियाबंद, 31 दिसंबर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ के लिए वर्ष 2024-25 में से प्रभारी मंत्री माननीय दयाल दास बघेल द्वारा अनुशंसित निम्नलिखित कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की जाती है :-प्राथमिक शाला से तालाब जाने के 1 मार्ग पर सी.सी. रोड निर्माण ग्राम पंचायत झिरीपानी देवभोग 2 लाख,प्रा.शाला काजनसरा आहाता निर्माण ग्राम काजनसरा ग्राम पंचायत मरौदा गरियाबंद10 लाख,सी.सी. रोड निर्माण ग्राम कलमीदादर दादरगांव नया ग्राम पंचायत /छुरा 7 लाख,सी.सी. रोड निर्माण ग्राम छिंदौली ग्राम पंचायत पण्डरीपानीगोंड छुरा,7 लाख,सी.सी. रोड निर्माण ग्राम पंचायत कनसिंधी छुरा 7 लाख कुल 33.00 प्रशासकीय स्वीकृति राशि रू. तैतीस लाख मात्र।

### सीईओ ने ग्राम पंचायत सचिव घोड़ारी निलंबित किया

**महासमुंद, 31 दिसंबर।** जिला पंचायत सी ई ओ श्री एस. आलोक ने श्री रमाकांत गोस्वामी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत घोड़ारी जनपद पंचायत महासमुंद को निलंबित कर दिया है। सचिव श्री गोस्वामी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती नीलम गोस्वामी जो कि शिक्षक है के नाम पर महतारी वंदन योजना के फार्म गलत जानकारी देकर भरा गया एवं अनैतिक तरीके से उनके पत्नि जो कि ग्राम केशवा में पदस्थ है के खाते में राशि प्राप्त किया गया है। किसी भी शासकीय सेवक को गलत जानकारी देकर अनुचित लाभ प्राप्त करना शासकीय नियमों के विपरीत है। श्री रमाकांत गोस्वामी के द्वारा इस आशय की सूचना किसी को नहीं दी गई थी यह उनकी संलिप्तता को परिलक्षित करता है। अतः श्री रमाकांत गोस्वामी के उक्त कृत्य के कारण उनके तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री गोस्वामी का मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद रहेगी। श्री गोस्वामी को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते पात्रता होगी।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### शहर के नागरिकों को मिले अच्छी सड़क:राशि

**महासमुंद, 31 दिसंबर।** शहर में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में विकास कार्यो का दौर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को शहर के वार्ड 08 में नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग व पार्षदों ने वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्रीमती महिलांग ने कहा कि अपने अल्प समय के कार्यकाल में शहरवासियों को बेहतर सड़क की सुविधा मिल सके, इसके लिए लगातार शहर के वार्डों में सड़क निर्माण कार्य जारी है। भूमिपूजन में पार्षद हफ़ीज़ कुरैशी, रिंकू चंद्राकर, मीना वर्मा समेत वार्डवासी मौजूद रहें।

### डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों को लाभान्वित करने किया प्रेरित

**बीजापुर, 31 दिसंबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन में सीईओ जनपद पंचायत भोपालपटनम द्वारा ग्राम तमलापल्ली में डाक चौपाल लगाकर डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट, किसान विकास पत्र इत्यादि से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए सभी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इसके अलावा शासन की समस्त योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आधार कार्ड और बैंक खाता की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक ग्रामीणों को बताया गया एवं अनिवार्य रूप से बैंक खाता खुलवाने एवं आधार कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# छाल खदान से कोयला चोरी करने वाले मास्टरमाइंड इश्तियाक अली खान के खिलाफ आखिरकार पुलिस ने किया मामला दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया , 31 दिसंबर।।** भाजपा के नेता मोनू केसरी छाल में हो रहे कोयला चोरी के मुद्दे को लेकर छाल पुलिस समेत प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस के आला अधिकारियों से मास्टरमाइंड इश्तियाक अली के ऊपर अपराध दर्ज करने की मांग लगातार कर रहे थे केसरी ने बताया कि विगत कुछ महीनों पूर्व में छाल कोयला खदान से जी एम रोड लाइन के मालिक के इश्तियाक अली खान के वाहनों को लाखों रुपए का कोयला चोरी करते हुए एसईसीएल के कर्मचारियों ने बूम गेट के पास पड़ा था जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जी एम रोड लाइन के कर्मचारी को गिरफ्तार करके सभी को जेल भेज दिया था पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जी एम रोड के एक कर्मचारी ने अपने बयान में पुलिस को बताया था कि छाल खदान में कोयला चोरी का पूरा खेल अपने मालिक इश्तियाक अली खान के कहने से इस घटना को अंजाम दे जा रहा था इस्तियाक अली को जैसे ही अपने कर्मचारियों के पुलिस में बयान की जैसे ही खबर मिली इतिहास अली खान अपने पैसे और राजनीति रसूक की जोर लगाकर बचने के लिए तुरंत मौके से फरार हो गया ताकि बाहर रहकर जेल जाने से बच सकें आगे केसरी ने कहा की पुलिस ने भी इस्तियाक अली खान को बचाने का पूरा प्रयास किया इस्तियाक अली खान भी अपने आप को इस कोयला चोरी की घटना से बचा सके उसकी भी कोशिश इस्तियाक अली खान ने बहुत की लेकिन इश्तियाक अली खान का सपनों का जहाज उस समय डूब गया जैसे ही उक्त कोयला चोरी के मामले की खबर खरसिया भाजपा के तेज तर्रार नेता मोनू केसरी को मिली तुरंत केसरी ने कोयला चोर इश्तियाक अली खान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पुलिस में मामला दर्ज करने एवं इस्तियाक अली की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा नेता मोनू केसरी ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को एवं प्रदेश के गृह मंत्री को पत्र लिखा और इस गंभीर घटना की जानकारी दी और कहा कि इस्तियाक अली खान छाल कोयला खदान में पिछले कई सालों से कोयला चोरी का अवैध काम करते आ रहा है तत्काल ऐसे लोगों के ऊपर मामला दर्ज किया जाए नहीं तो मेरे द्वारा पुलिस थाने का घेराव कर आंदोलन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी तब कहीं जाकर कर पुलिस हरकत में आई इस्तियाक अली खान के ऊपर जी एम रोड लाइन के कर्मचारी वाहिद अली खान के मेमोरेंडम के आधार पर इश्तियाक अली खान का नाम एफआई आर में जोड़ा गया जी एम रोड लाइन के मालिक इतिहास अली खान का नाम जैसे ही इस केस में जुड़ा इस्तियाक अली खान पुलिस की गिरफ्तारी के डर से इधर.उधर लुकने छिपने भागने लगा और पुलिस ने भी इतिहास अली खान का इस लुका चुप्पी के खेल में पूरा साथ दिया और आखिरकार इस्तियाक अली खान ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका उच्च न्यायालय हाई कोर्ट बिलासपुर में लगाई जिस पर उसे हाईकोट से अग्रिम जमानत मिल गई अब इस कोयला चोरी का पूरा मामला माननीय न्यायालय में है छाल में हुए इस कोयला चोरी की घटना ने यह साबित कर दिया है कोई भी व्यक्ति कितना भी राजनीतिक रसूक या फिर पैसे वाला ही क्यों ना हो जब कोई जमीन से जुड़ा हुआ नेता उसके पीछे पड़ जाए तो उसके चारों खाने चित हो जाते हैं और ऐसे लोगों के पैसे और रसूख घमंड सब के सब धरे के धरे रह जाते हैं क्योंकि इस देश में कानून सबके लिए बराबर है भाजपा नेता मोनू ने आगे कहा कि कोयला चोरी के मास्टरमाइंड जी एम रोड लाइन के मालिक इश्तियाक अली खान के ऊपर पुलिस में अपराध दर्ज हुआ है क्योंकि इस देश में कानून सबके लिए बराबर है कोई भी अपराध करेगा तो कानून से कभी नहीं बच सकेगा इस देश में मोदी अमित शाह जैसे ईमानदार नेताओं का राज है अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति कितना भी राजनीतिक रसूक रखता हो ऐसे लोग बक्से नहीं जाएंगे।



### महतारी वंदन योजना का अनुचित लाभ ले रही शिक्षिका के खिलाफ एफ आई आर

**महासमुंद, 31 दिसंबर।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर महतारी वंदन योजना का अनुचित लाभ ले रही शिक्षिका श्रीमती नीलम गोस्वामी पर एफ आई आर दर्ज किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कल रात उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घोड़ारी के सचिव - श्रीरमाकांत गोस्वामी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती नीलम गोस्वामी जो की शिक्षक है के नाम पर महतारी वंदन योजना का फार्म गलत जानकारी देकर भरा गया एवं अनैतिक तरीके से उनकी पत्नि जो कि ग्राम केशवा में पदस्थ है के खाते में राशि प्राप्त किया गया है। किसी भी शासकीय सेवक को गलत जानकारी देकर अनुचित लाभ प्राप्त करना शासकीय नियमों के विपरीत है। कलेक्टर श्री लंगेह ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है, पात्र हितग्राहियों के अलावा जो भी इसका अनुचित तरीके से लाभ लेने का प्रयास करेंगे उन पर सख्त का रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो पात्र हितग्राही है उसे ही लाभ मिलना सुनिश्चित हो, जो भी अनुचित तरीके से लाभ ले रहे है उन पर सख्त कारवाई की जाएगी

## योग शरीर के विभिन्न अंगों में प्राणों का समुचित वितरण करता है :स्वामी विद्यानंद

**महासमुंद,31 दिसंबर।** शिवानंद सरस्वती योग भवन में ग्यारह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। शिविर दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल एंव शिवानंद मातृशक्ति द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह में शिवानंद योग मित्र मंडल के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू द्वारा प्रतिवेदन पठन किया गया। योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के निर्देशन में योग शिविर का लगातार 34 वां वर्ष है जो कि यह सफर स्वामी जी की सहजता एवं सरलता के कारण संभव हो सका है। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रत्येक दिन सुबह आसान, प्राणायाम, एवं ध्यान, शाम को प्राणायाम, योगनिद्रा एवं त्राटक एंव दोपहर सत्र में महिलायों को योग का अभ्यास कराया गया। इस योग शिविर में कुल 55 पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। 29 दिसम्बर को कॉदकेरा के जंगल में जलनेति, कुंजल एवं दीर्घ शंख प्रक्षालन क्रिया मे 30 योगाभ्यार्थियों ने लाभ लिया। नगर के फॉरेस्ट ग्राउंड में स्वामी जी द्वारा वन विभाग कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय योगाभ्यास कराया गया। समारोह में योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योगासन के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि योग एक युक्ति है। आसन का अभ्यास भावनाओं को नियंत्रित करता है, मानसिक शांति लाता है और शरीर के विभिन्न अंगों में प्राणों का समुचित वितरण करता है। इससे शरीर के आंतरिक अंगों की मालिश होती है और वे सुचारू ढंग से कार्य करते हैं योगासनों से रोग का निदान और स्वास्थ्य का वर्धन होता है।उन्होंने कहा कि योग भवन में योग शिविर का आयोजन एवं नियमित योगाभ्यास के कार्यक्रम होते रहना चाहिए । योग साधक चोइथराम राजपाल एंव दाउलाल चन्द्राकर ने योग शिविर से मिलने वाले लाभ का अनुभव बताया। योग प्रशिक्षण का पूरा कार्यक्रम योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योगासन के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन तारेंद्र चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में परमानंद बजाज, रामनिवास चंद्राकर, किशोर शुक्ला, डॉ रामकुमार चंद्राकर, अश्वनी तिवारी, विजय नंदवानी, प्रदीप चन्द्राकर, शिवनाथ बोस, देवेंद्र चंद्राकर, अजय गुप्ता, महेन्द्र साहू, सोहन चन्द्राकर, भरत सिन्हा, चन्द्रिका चन्द्राकर, महेश ध्रुव, गौतम सिन्हा, मानिकपुरी के साथ बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

## महिला समूह महतारी वंदन से मिली राशि कैपिटल फंड के रूप में उपयोग कर सब्जी का व्यवसाय बढ़ा रही आगे



**रायगढ़, 31 दिसम्बर।** उद्यमिता के लिए कैपिटल फंड बेहद जरूरी होता है। यह उद्यमी के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी आर्थिक जरूरतों को पूरा करता है। अमूमन उद्यमी यह राशि बैंकों या कर्ज देने वाली संस्थाओं, इन्वेस्टर से लेते हैं। जिसमें या तो ब्याज अदायगी अथवा प्रॉफिट शेयरिंग (लाभ बांटना) जैसी शर्तें जुड़ी होती हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू की गई महतारी वंदन योजना माताओं बहनों को प्रतिमाह 1 हजार रूपये की जो राशि दे रही है, इससे दैनिक आवश्यकताओं के पूर्ति के साथ ही अब महिलाओं ने एकजुट होकर इस राशि से अपने कदम अपनी उद्यमिता को यात्रा को आगे बढ़ाने में कर रहे हैं। लैलूंगा की 10 महिलाएं समूह के माध्यम के सब्जी उगाने और बेचने का काम शुरू किया है। इसमें महतारी वंदन योजना से मिल रही राशि का उपयोग अपने काम को आगे बढ़ाने में कर रही हैं। महतारी वंदन से मिली राशि जो कैपिटल फंड के रूप में इन महिलाओं के काम आ रही हैं, उसकी सबसे खास बात यह है कि इसमें किसी प्रकार की देनदारी और लाभ वितरण जैसी शर्तें नहीं जुड़ी हैं। यह महिलाओं का अपना पैसा है जो वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में लगा रही हैं।

# विष्णु के सुशासन में चरमराती शिक्षा-व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम,31 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है।जिले भर में संचालित आवासीय विद्यालयों,पोर्टा केबिन,आश्रम और छात्रावासों में अध्ययनरत बच्चों की लगातार किसी न किसी कारण से लगातार मौतें हो रही हैं,जो रुकने का नाम ही नहीं ले रही हैं।माता-पिता जिस भरोसे के साथ अपने जिगर के टुकड़ों को शिक्षित करने के लिए इन विद्या-मंदिरों में भेजते हैं,उनमें पसरी घोर अव्यवस्थाओं के चलते वह भरोसा न केवल ध्वस्त हो रहा है,बल्कि उनके जीवन में अपने बच्चों को खोने का अँधेरा फैलता जा रहा है।ये विचार बीजापुर जिला पंचात सदस्य और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बसंतराव ताटी ने व्यक्त किये। स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए ताटी ने कहा कि बीजापुर जिले की शिक्षण-संस्थाओं में बच्चों की लगातार हो रही मौतों से अब जहाँ एक ओर पालकों के माथे पर डर की लकीरें स्पष्ट देखी जा सकती हैं,वहीं दूसरी ओर इन आवासीय संस्थाओं में पढ़ने वाले बच्चे हर पल किसी अनहोनी की आशंका से दहशत भरे वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने पर मजबूर हैं।बीते दिनों लगातार हुई घटनाओं के आँकड़े प्रस्तुत करते हुए ताटी ने कहा कि प्रि मेट्रिक बालक छात्रावास चेरामंगी की कक्षा सातवीं में पढ़ने वाला 13 वर्षीय छात्र जेवियर खुजूर ने 27 फरवरी को फाँसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया।इसी प्रकार 06 मार्च को आवापल्ली पोर्टा केबिन में आग लगने कि वज़ह से चार वर्षीय मासूम बालिका लिप्सा की जलने से दर्दनाक मौत हो गयी।ताटी ने यह भी बताया कि 19 अप्रैल को तारलागुड़ा निवासी 20 वर्षीय छात्रा रजनी यालम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।वैसे ही 12 जुलाई को तारलागुड़ा पोर्टा केबिन के ही कक्षा चौथी की 9 वर्षीय छात्रा दीक्षिता रेगा और 14 जुलाई को संगमपल्ली पोर्टा केबिन में कक्षा तीसरी की छात्रा वेदिका जव्वा की मलेरिया से मृत्यु हो गयी है। 08 अगस्त को कन्या आश्रम बेदरे में कक्षा दूसरी की छात्रा अनीता कुरसम की और 27 सितम्बर को पोर्टा केबिन दुगलमगुड़ा के छात्र राकेश पुनेम की मौत उलटी दस्त से हुई है।अभी मौतों का यह सिलसिला थमा ही नहीं था कि माता रुक्मणि कन्या आवासीय विद्यालय धनोरा की छात्रा शिवानी की मौत 10 दिसम्बर को जहरीले भोजन खाने से हुई है।



जिला पंचायत सदस्य ने आगे कहा कि 11 दिसम्बर को नैमेड़ पोर्टा केबिन में भी कक्षा दसवीं की छात्रा विमला कवासी की बीमारी से मृत्यु हुई है।16 दिसम्बर को पोर्टा केबिन भटवाड़ा के कक्षा चौथी के छात्र टंकेश्वर नाग की मृत्यु भी मलेरिया से हुई है। ताटी का कहना है कि लगातार हो रही विद्यार्थियों की मौतों के ये दिल दहलाने वाले आँकड़े सामने आने के बावजूद जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा जाँच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर औपचरिकता निभाने का काम किया जा रहा है,जिससे आज पर्यंत दोषी अधीक्षकों को सिर्फ पद से पृथक करने का ड्रामा रचने के सिवाय उन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाने से सम्बंधित अधिकारियों के मिलीभगत का ठोस प्रमाण साबित होता है। ताटी के अनुसार इस तरह आवासीय विद्यालयों में लगातार हो रही घटनाओं से अब सरकार के प्रति पालकों की नाराजगी देखी जा रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की विष्णुदेव सरकार का क्या यही सुशासन है? ताटी ने शैक्षणिक गुणवत्ता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को कमीशनखोरी के हिसाब- किताब से थोड़ा वक्त निकाल कर आवासीय विद्यालयों में व्यवस्था सुधारने के लिए एक ठोस योजना बनाने की सलाह दी है।

# चौबीस सालों से बाईपास का इंतजार करते वर्ष 2024 हुआ विदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 31 दिसंबर।** शहर में सड़क हादसे दिन प्रतिदिन बढते जा रहे है,यहां के लोगो ने लंबा समय बाईपास के इंतजार मे गुजार दिया है,24 साल के दौरान 24 बार शहर के लोग हादसो की रोकथाम के लिए बाईपास की मांग कर चुके है। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी रविन्द्र सिंह भाटिया का कहना है कि वर्ष 2000 में 12 लोगो के दल ने तत्कालिक तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शहर के बाहर से बाईपास मार्ग की मांग उठायी थी,उन्होने बताया कि वर्ष 2000 में यहा रहने वाले ललित बाबू की सडक हादसे मे मौत होने के बाद गांव के लोगों ने बाईपास की पहली बार मांग उठायी थी,जिसके बाद यह मांग हर वर्ष ज्ञापन एवं आंदोलन के जरिये दोहरायी जाने लगी,परंतु 24 साल का समय बीतने के बाद भी अब तक शहर को कोई भी बाईपास की सौगात उपलब्ध नही हो पायी है। वर्तमान मे शहर के तीन मुख्य मार्गो को जोडने के लिए 20 करोड़ रूपये से भी अधिक की परियोजना के तीन बाईपास मार्ग की स्वीकृति मिली हुयी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि अंबिकापुर रोड मे कदमघाट से लेकर पुरनतालाब तक दो किलोमीटर छः सौ मीटर का बाईपास मार्ग की स्वीकृति होकर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। उन्होने जल्द ही इस कार्य को शुरू करने की बात कही। उसके अलावा लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी संतोष पैंकरा ने दो बाईपास की स्वीकृति होने की बात बतायी।



उन्होने बताया कि रायगढ रोड नंदनझरिया से लेकर जशपुर रोड हडडी गोदाम तक लगभग सात किलोमीटर पांच सौ मीटर बाईपास सडक का निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है,जिसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम शुरू कराया जायेगा,उसके अलावा नंदनझरिया से लेकर अंबिकापुर रोड मे बी.टी.आई चौक तक आठ किलोमीटर बाईपास मार्ग की स्वीकृति मिली है,इस मार्ग का भी प्रक्रिया के बाद काम शुरू कराया जायेगा।।

मौतो का आंकडा-ःशहर की तीनो प्रमुख सडके आबादी एवं यातायात का बढता दबाव के साथ ही बेहद सकरी हो चुकी है। सडक किनारे होने वाले अतिक्रमण की वजह से सडको का दायरा पहले से काफी सिमट गया है। अनगिनत सडक हादसो के बीच 24 सालो की यदि बात करें तो यहा 24 से भी अधिक बेगुनाहो ने मौत को गले लगाया है। वर्ष 2000 के दौरान शहर के बीच मे एक शासकीय कर्मचारी ने सडक हादसे मे जान गंवायी,2011 के दौरान एक होनहार युवक ने सडक हादसे मे जान गंवायी,2016 के दौरान स्कूल बस से उतरते समय एक आठ साल के मासूम को ट्रक ने रौंद दिया। 2020 मे एक युवा व्यवसायी की बस की चपेट मे आकर मौत हो गयी। 2022 मे दुर्गा विर्सजन के दौरान जशपुर रोड के एक युवक की हदयविदारक सडक दुर्घटना मे मौत हो गयी। 2024 मे सडक हादसो का ग्राफ बढता चला गया,इन दुर्घटनाओ ने शहर के लोगो को झकझोर कर दिया था,पुराने जख्मो को फिर से ताजा ना करने के लिए पीडित का नाम नही दर्शाया गया,परंतु वर्ष 2000 से लेकर वर्ष 2024 के बितने तक 24 से भी अधिक लोगो ने शहर के अंदर की सडक मे अपनी जान गंवायी है।।

**बाईपास बनने से मिलती सुविधायें-**:राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करने वाली कंपनी ने शहर के अंदर से गुजरने वाली बडी वाहनो का सर्वे कराया था,उनके सर्वे के अनुसार वर्ष 2018 मे शहर के भितर से 24 घंटे के दौरान लगभग 350 से 365 गाडियां तीनो मार्गो मे अपनी दूरी तय करती थी,उन वाहनो मे अधिकतम लोड क्षमता 200 टन तक की थी,ये सभी वाहन शहर के रिहायसी ईलाको से होकर गुजरती थी,यही कारण है कि शहर मे हमेंशा होने वाली दुर्घटना बडी वाहनो से घटित हुयी,यदि इन वाहनो के लिए शहर के बाहर बाईपास मार्ग का निर्माण हो जाता तो अनगिनत दुर्घटनाओ मे जानगंवा चुके लोगो की जान बचायी जा सकती थी। उसके अलावा बडी वाहनो के इंधन मे भी काफी कमी आती साथ ही वाहनो के ईंधन से होने वाले शहर के अंदर होने वाले प्रदुषण को भी बहुत हद तक कम किया जा सकता था। शहर मे बार-बार बडी वाहनो के कारण लगने वाले जाम से भी लोगो को मुक्ति मिल जाती,इसलिए शहर के लोग हमेंशा बाईपास की मांग प्रमुखता से उठाते आ रहे है।।

## सुलभ शौचालय को मिली पक्की सड़क

### कच्ची सड़क में गिरते थे मुसाफिर



**पत्थलगांव, 31 दिसंबर।** जिला कलेक्टर रोहित ब्यास के निर्देश का असर अब शहर की अनेक जगहो पर दिखने लगा है। बस स्टैन्ड मे स्थित शुलभ शौचालय तक जाने वाली कच्ची सडक का पक्का निर्माण करा दिया गया है। जिला कलेक्टर रोहित ब्यास ने अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान शुलभ शौचालय का निरीक्षण कर वहा साफसफाई की व्यवस्था का जायजा लिया था,साथ ही उन्होने पक्की सडक बनाने के भी निर्देश दिये थे,जिसके बाद नगर पंचायत के सी.एम.ओ जावेद खान ने इस दिशा मे तुरंत काम करते हुये बेहद आकर्षक पेवर ब्लाक से शुलभ शौचालय तक जाने के लिए पक्की सडक का निर्माण करा दिया है,जिससे अब मुसाफिरो को भी काफी सुविधा मिल रही है। जिला कलेक्टर रोहित ब्यास ने पिछले दिनो शहर के शुलभ शौचालय के अलावा बस स्टैन्ड,इंदिरा चौक,बाल उद्यान,नेशनल हाईवे,सिविल हॉस्पिटल,छट घाट का निरीक्षण किया था,जिसके तहत अनेक कार्यो मे काफी प्रगति है। सी.एम.ओ जावेद खान ने बताया कि पुष्प वाटिका मे साफसफाई के अलावा बिगडी लाईटो का सुधार कार्य करा दिया गया है। उन्होने बताया कि पुष्प वाटिका के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित कर दिया गया है,उसके अलावा वहा वक्त बेवक्त आने वाले मनचलो पर भी निगरानी रखी जा रही है।।

## एक नजर

### अध्यक्ष पद के लिए नगर में तीन नामों की चर्चा



सिमगा, 31 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिमगा नगर पंचायत पश्चात सिमगा नगर पालिका बनने के बाद पहला नगरीय निकाय चुनाव होने जा रहा है। नगरी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु भावी उम्मीदवार हरजीत सिंह भाटिया (राजू भाटिया) रमेश सोनी या शीतल सोनी अपना भाग्य आजमाना एवं जनता सेवा करना चाहते हैं। भाटिया पूर्व में अध्यक्ष पद का दो कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं शीतल सोनी भी अपना एक अध्यक्ष पद का कार्यकाल पूर्ण कर जनता की सेवा की है आरक्षण पश्चात स्थिति स्पष्ट होते ही आप एवं अन्य उम्मीदवार पुनः अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं ऐसी ही स्थिति वार्डों की है कई पार्षद पूर्व में अपने वार्ड में आरक्षण होने के कारण अन्य वार्डों में जोर आजमाइश कर रहे हैं जनता ही अपने वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष का निर्णय अपने विवेक से देने को तैयार है इंतजार वक्त का है।

### ब्लॉक स्तर पर प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 2 जनवरी से

बलौदाबाजार, 31 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु 2 जनवरी 2025 से 7जनवरी 2025 तक जिले के प्रत्येक ब्लॉक के आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को आईटीआई सकरी, 3 जनवरी को आईटीआई पलारी, 4जनवरी को आईटीआई असनींद, 6जनवरी को आईटीआई देवरी एवं 7 जनवरी को आईटीआई सिमगा में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

### पंचायत चुनाव के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी

बलौदाबाजार, 31 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024- 25 अंतर्गत विकासखंडवार सभी पंचायतों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करना का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरुवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरुद्ध अपील की जा सकती है।

### पत्रकारों ने डॉ. मोतीलाल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

तिल्दा-नेवरा, 31 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सेवा निवृत आयुर्वेद चिकित्सा



अधिकारी डॉक्टर मोतीलाल शर्मा (दादर वाले) का 95 वर्ष की आयु में सोमवार रात में निधन को सूचना प्राप्त हुई वे प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा के पिता थे। डॉक्टर मोतीलाल शर्मा का निधन पर शोक व्यक्त कर तिल्दा नेवरा के पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के पत्रकार गौरीशंकर सैनी, इंद्र कोटवानी, नरेंद्र शर्मा, मोती ज्ञानचंदानी, राज वर्मा सहित भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, सौरभ जैन, ईश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद आदि ने शोक जताया है।

---

ग्राम पंचायत अकलतरा में महात्मा गांधी की मूर्ति विधायक ने किया अनावरण

# महात्मा गांधी से हमें सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती हैं : इन्द्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 31 दिसम्बर। जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यदु द्वारा ग्राम पंचायत अकलतरा मे गाँधी की प्रतिमा की स्थापना की गई जिसके अनावरण कार्यक्रम मे विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडी उपाध्यक्ष रमेश यदु ने की। विशेष अतिथि के रूप मे ग्राम मे पूर्व सरपंच झाडूराम यदु, पूर्व सरपंच विमला यदु, पूर्व सरपंच ज्वाला प्रसाद घृतलहरे, पूर्व सरपंच संतोष नेताम, वार्ड पंच दुर्गा यदु, इस्कू के प्रदेश सचिव आकिब मेमन, विधायक प्रतिनिधि राधेश्याम ध्रुव, पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष दिलीप साहू, सरपंच प्रतिनिधि अजय मिरी, वरिष्ठ कांग्रेसी मदन ठाकुर, सत्यजीत सेंडे एवं वार्ड पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

विधायक ने मंच को सम्बोधित करते हुए कहाः- महात्मा गाँधी से हमें सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती हैं, महात्मा गाँधी के दिखाए गए मार्ग से हमें जीवन मे सत्य को अपना कर आगे बढ़ना हैं साथ ही नशापान से दूर रहते हुए अपना और अपने बच्चों का एक सुनहरा भविष्य बनाना हैं, नशा नाश का कारण हैं इसे त्याग कर गाँधी के आदर्शों पर चलना ही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

रमेश यदु ने सम्बोधन मे कहाः- विधायक के द्वारा ग्राम क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर विकास कार्य कराया जा रहा हैं और आगे भी निरंतर जारी रहेगा जिसकी कड़ी मे बहुत ही आवश्यक मांग जो ग्राम पंचायत अकलतरा की हैं वो हैं हाई स्कूल भवन निर्माण हैं, गांव मे 12वी तक शाला प्रारम्भ हो चुकी हैं परन्तु भवन आज भी मिडिल और प्राइमरी का हैं जिसमे बच्चों को बहुत सी असुविधाए होती हैं जिसके चलते जल्द से जल्द गाँव मे हाई स्कूल भवन बनवाने की मांग रखी गई साथ ही उपस्वास्थ केंद्र मे डॉक्टर व स्टाफ की भर्ती कराने हेतु भी विधायक से कहा।

विधायक द्वारा ग्राम के स्कूल मे लगे पेवर ब्लॉक का भी रिबन काट के उद्घाटन किया गया जिसके बाद मैदान मे 4 लाख की राशि से लगने वाले पेवर ब्लॉक का भूमि पूजन व विधायक निधि से 5 लाख की लागत मे बनने वाले सी सी रोड का भी भूमि पूजन किया गया।

सुरेन्द्र यदु ने सम्बोधन मे विधायक से ग्राम अकलतरा से कोसमंदा मार्ग निर्माण, तालाब सौन्दरीकरण, बोर एवं सीसी रोड की मांग की जिसे विधायक द्वारा आने वाले सत्र मे जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

---

नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी

# अंतराज्यीय ठग गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार



- इनकम टैक्स ऑफिसर के रूप में नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर बेरोजगार युवकों से करता था ठगी
- बलौदाबाजार के प्रार्थी से नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख लेकर किया धोखाधड़ी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 31 दिसम्बर। बेरोजगार युवक-युवतियों को नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतराज्यीय ठग पर कार्यवाही करने में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को सफ्लता मिली है। ज्ञात हो कि 24 दिसम्बर को मामले के प्रार्थी राजशाह बंजारे (36) निवासी ग्राम पनगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अगस्त 2024 में उसे आयकर विभाग मे नौकरी लगाने का झांसा आरोपी संजय अग्रवाल के द्वारा 2 दो लाख रूपये की ठगी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 943/2024 धारा 318, 338, 336(3), 340(2) बीएनएस एवं 66 डी आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में अपराध कायमी पश्चात थाना सिटी कोतवाली द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के उपस्थिति की जानकारी मिलने पर एक पुलिस टीम दिल्ली रवाना किया गया था, जहां उक्त टीम के द्वारा संदेही संजय अग्रवाल की पहचान कर उसे पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय अग्रवाल उम्र 27 वर्ष निवासी औरैया उत्तर प्रदेश का होना बताया, जिससे पूछताछ पर उसने बताया कि वह दिव्यांश ग्लोबल आईटी प्रायवेट लिमिटेड नामक प्लेसमेंट एजेंसी के नाम से लोगों को नौकरी के लिए विज्ञापन प्रसारित करता था और लोगों को अलग-अलग विभागों में नौकरी लगाने के लिए बायोडाटा लेकर युवक-युवतियों से रजिस्ट्रेशन फीस एवं अन्य औपचारिकताओं के नाम पर रूपये-पैसे की मांग करता था और लोगों को फर्जी तरीके से नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी होने की प्रक्रिया बताकर ठगी करना स्वीकार किया। मामले के प्रार्थी राजशाह बंजारे को माह अगस्त एवं सितंबर 2024 में आयकर विभाग मे नौकरी लगाने का झांसा देकर 02 लाख रूपये की ठगी करना स्वीकार किया गया है। पूछताछ पर से बलौदाबाजार निवासी विनय गायकवाड को बैंक में नौकरी लगाने के नाम से 10, 000, महासमुंद निवासी डोलामणी चैहान से केन्द्रीय विद्यालय में नौकरी लगाने के नाम पर 30, 000, नागपुर निवासी एक महिला से 02 लाख रूपये और बिहार निवासी एक व्यक्ति से 02 लाख रूपये और कई लोगों से भी ठगी कर रूपये, पैसे लेना बताया है। आरोपी द्वारा लगभग 20 लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी करना पाया गया है। मामले में आरोपी से घटना में प्रयुक्त 02 नग मोबाइल बरामद कर जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 30.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले में आरोपी द्वारा कारित घटना एवं आरोपी के विरूद्ध पूर्व अपराधिक रिकार्ड की जानकारी ली जा रही है।

---

# बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष की उपलब्धियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने एक साल में क्षेत्र के लिए स्वीकृत कराएं अनेक कार्य



तिल्दा-नेवरा, 31 दिसम्बर। बलौदा बाजार के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र में एक साल उल्लेखनीय विकास कार्य स्वीकृत एवं निर्मित कराए गए उतने पिछले पूरे 5 साल में नहीं हुए।

रायपुर बलौदा बाजार सारंगढ़ 4लेन राष्ट्रीय राजमार्ग की स्वीकृति, नवा रायपुर बलौदा बाजार खरसिया रेल लाइन की प्रक्रिया में तेजी, मुख्यमंत्री द्वारा बलौदा बाजार में ट्रांसपोर्ट नगर एवं बीएड कॉलेज की स्वीकृति, 2 हाई स्कूल भवन की स्वीकृत, 2 हायर सेकेंडरी स्कूल भवन की स्वीकृति, बलौदा बाजार में इनडोर स्टेडियम परिसर की स्वीकृति एवं नालंदा परिसर स्थापना, बलौदा बाजार में 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक हेतु 6.5 करोड़ की स्वीकृति के साथ ही राज्य शासन के विभिन्न मदो में एक साल में कुल 274 निर्माण एवं अन्य कार्यो हेतु 2807.57 लाख रुपए स्वीकृत किए गए.

जिसमें 23 महतारी सदन 411.50 लाख, 42 सामुदायिक भवन 291 लाख, 20 रंगमंच 100 लाख, 40 सीसी रोड 344.37 लाख, 13 हाईस्कूलों में प्रार्थना शेड 186 लाख, 26 हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रार्थना शेड 439 लाख 12 धान उपार्जन केंद्र में सीसी रोड निर्माण हेतु 100 लाख, 34 धान उपार्जन केंद्र में शेड निर्माण 520.54 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर भवन निर्माण हेतु 70 लाख एवं 13 शिशु मंदिर को अनुदान 2.91 लाख, मुख्यमंत्री सहायता कोष से 22 लोगों को 100 लाख, 29 अन्य निर्माण कार्यो हेतु 242. 25 लाख राशि स्वीकृत कराए गए। इस तरह तिल्दा नेवरा नगर पालिका और ग्रामीण अंचलों में भी विकास कार्य जोरो पर है शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के प्राथना के लिए सभी स्कूलों में शेड निर्माण खेल मैदान सड़क स्कूल भवन आदि कार्यो के लिए स्वीकृति ओर भूमि पूजन भी हुआ है। केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा पूरे क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्व पूर्ण विकास को प्राथमिकता दे रहे है।

---

# ग्राम मजगांव में शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 31 दिसम्बर। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना हथबंद पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 30.12.2024 को थाना हथबंद की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मजगांव में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4030 कीमत मूल्य का 31 पाव अंग्रेजी गोवा शराब जप्त किया गया है।

आरोपी के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्र. 246/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- अंकित निषाद उम्र 21 साल निवासी वार्ड नंबर 12 हथबंद थाना हथबंद है।

---


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202411092100035
अ/2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विनोद पिता गैदलाल जाति गोड एवं अन्य 02 निवासी ग्राम रंगीटोला, चिचोला, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) कृषक निवासी ग्राम लाल बहादुर नगर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम लाल बहादुर नगर, पटवारी हल्का नम्बर 15, रा.नि.म. लाल बहादुर नगर, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 954 रकबा 0.235 हेक्टेयर भूमि स्थित है। यह कि आवेदकगण अपने स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम लाल बहादुर नगर, पटवारी हल्का नम्बर 15. रा.नि.म. लाल बहादुर नगर, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 954 रकबा 0.235 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करवाना चाहते हैं। आवेदक द्वारा ग्राम लाल बहादुर नगर, पटवारी हल्का नम्बर 15, रा.नि.म.लाल बहादुर नगर, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 954 रकबा 0.235 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 13/01/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202412142400012/
अ-2/2023-24
साकिनः-चपेली, प.ह.नं.-10

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चैनीबाई पति प्रभुराम, जाति तेली, निवासी ग्राम चपेली, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चपेली, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 288/2 रकबा 0.03 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 06.01.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202412142400010/
अ-2/2023-24
साकिनः-दरगहन, प.ह.नं.- 11

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका दिलेश्वरी सेवता पति दिलीप सेवता, जाति गोंड़, निवासी ग्राम दरगहन्, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम दरगहन, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 646/5 रकबा 0.024 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 06.01.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र..-202412142400011/
अ-2/2023-24
साकिनः- चपेली, प.ह.नं.-10

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका पूनम साहू पति कन्हैयालाल साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम चपेली, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम चपेली, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 526/3 में से रकबा 0.032 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 06.01.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर


---

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- यातायात पुलिस ने बलौदाबाजार में 3, कसडोल में 3, भाटापारा में 1 एवं सिमगा में 4 चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा

बलौदाबाजार, 31 दिसम्बर। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 29.12.2024 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 11 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है।

उक्त जप्त सभी 11 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 03, यातायात कसडोल 03 एवं यातायात भाटापारा द्वारा 01 एवं यातायात सिमगा द्वारा 04 चालकों को शराब पीकर वाहन चलान करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

---


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत/यॉत्रिकी) खण्ड लोक स्वास्थ्य विभाग जगदलपुर (छ.ग.)**

**'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक 07 दिनांक 23.12.2024'**
**(प्रथम आमंत्रण)**

लोक स्वास्थ्य (विद्युत/यांत्रिकी) खण्ड जगदलपुर के अंतर्गत उपखण्ड सुकमा में पुराने मौजूद कम्प्रेशर यूनिट को बदलकर, नया कम्प्रेशर यूनिट की आपुर्ति Supply, स्थापना (Installation), कमीशनिंग एवं परीक्षण जांच (ट्रायल एण्ड टेस्टिंग) कार्य के लिए सक्षम ठेकेदारों/सप्लायर्स से प्रपत्र 'बी' में आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा कार्य हेतु अनुमानित लागत (रू.लाख में) 31.72 कार्य पूर्ण करने की अवधि 90 days अमानत राशि 95,500/- निर्धारित की गई है।

उपरोक्त कार्यों की निविदा दिनांक 12.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
(विद्युत/यांत्रिकी) खण्ड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जगदलपुर (छ.ग.)

जी-242504925/3



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **भवन/सप्लाई कार्य हेतु** दिनांक 13.01.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | एन.आईटी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 121 | 163302 | लो.नि.वि. कांकेर अनुविभाग अंतर्गत रेस्ट हाऊस, मण्डल कार्यालय, संभागीय कार्यालय एवं उपसंभागीय कार्यालय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य | 40.00 लाख |
| 02 | 122 | 163303 | लोक निर्माण विभाग कांकेर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। | 40.00 लाख |
| 03 | 123 | 163305 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग कांकेर अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य। | 20.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-13.01.2025 है।**

**नोट- प्रथम आमंत्रण**

**टीपः-** 1. निविदा क्र. 163305 कार्य हेतु संबंधित कार्यक्षेत्र के नगर पंचायत/पालिका का वैध गुमास्ता प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं नगर पंचायत/पालिका की परिधि में दुकान/फर्म का होना अनिवार्य है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी- 242504954/3

## एक नजर

### किराए में कार को लेकर दूसरे को बेचा

**रायपुर, 31 दिसंबर।** डिजायर कार को किराया में लेकर किसी और के पास बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिलोक साहू 28 वर्ष शहीद नगर बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जगमोहन सिंह मेश्राम ने प्रार्थी की डिजायर कार क्रमांक सीजी 04 पीए 4525 को 25 हजार रुपए महीना में किराया में लेकर किसी और को बेच दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ऑफिस के गल्ले से 45500 रुपए पार

**रायपुर, 31 दिसंबर।** केबीटी 10 फेस 3 कबीरनगर स्थित ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 45500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिलीप मिश्रा 40 वर्ष केबीटी 10 फेस 3 कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी वहां पर अपना ऑफिस चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के ऑफिस के शटर का ताला तोड़कर गल्ला में रखे नकदी 45500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 31 दिसंबर।** वीआईपी सिटी सड्डू स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीरा अग्रवाल 38 वर्ष वीआईपी सिटी सड्डू का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर 1 नग कैमरा, 2 नग मोबाइल व एक सेमसंग टैब पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नकली पनीर का बड़ा जखीरा पकड़ाया

**रायपुर, 31 दिसंबर।** अगर आप पनीर के शौक़ीन हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ के खाद्य एवं औषधि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर के पास एक नकली पनीर बनाने वाली फैक्टरी को सील कर दिया है। इस फैक्टरी से 2500 किलो नकली पनीर जब्त किया गया है, जिसे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक बताया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि विभाग को सूचना मिली थी कि रायपुर के बीरगांव स्थित काशी एग्रो फूड्स नामक फैक्टरी में बिना दूध के पनीर बनाया जा रहा था। इस पनीर में डालडा, पाम ऑयल, मैदा और हानिकारक रसायन जैसी चीजें मिलाई जा रही थीं, जो इंसान के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकती हैं। विभाग ने मौके पर छापा मारते हुए फैक्टरी को सील कर दिया और सारे नकली पनीर को जब्त कर लिया। जांच के दौरान पाया गया कि इस पनीर को बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसका कुल घुलनशील ठोस 900 था, जो सामान्य पनीर से बहुत ज्यादा है। इसके अलावा, पनीर में भारी धातुएं और हानिकारक रसायन भी पाए गए। यह सब मिलकर पनीर के स्वाद और स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक चंदन कुमार ने किया।

### निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**रायपुर, 31 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे/आपत्तियां प्राप्त करना तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 से तय की गई है। इसी तरह दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 06 जनवरी 2025 सोमवार, अपरान्ह 3 बजे तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख गुरूवार 9 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। इसी तरह प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक तथा प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है।

### डॉ. मोतीलाल शर्मा पंचतत्व में विलीन

**रायपुर।** सेवा निवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोतीलाल शर्मा (दादर वाले) का 95 वर्ष की आयु में सोमवार रात नौ बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 12 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा के पिता और प्रश्रय शर्मा के दादा थे।

# आटो, ईरिक्शा शास्त्री चौक में प्रतिबंधित करने से लोग परेशान

**चौक के पास ही जिलाधीश व संभागायुक्त कार्यालय एवं न्यायालय होने के कारण बड़ी संख्या में आते हैं लोग**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 दिसम्बर।** राजधानी के हृदय स्थल कहे जाने वाले शास्त्री चौक में आटो एवं ईरिक्शा प्रतिबंधित किए जाने के पश्चात आम लोग परेशान हो रहे हैं। शास्त्री चौक के पास जिलाधीश, आयुक्त, डीकेएस अस्पताल, जिला सत्र न्यायालय, तहसील कार्यालय होने के कारण विभिन्न दिशाओं से अपने काम पर आने वाले लोग परेशान हैं। वहीं नौकरीपेशा और अदालत में पेशी में आने वाले पक्षकार भी भटक रहे हैं।



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा शास्त्री चौक में ऑटो रिक्शा और ईरिक्शा वालों की दादागिरी के चलते इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके कारण शहर के बाहरी क्षेत्र मंदिर हसौद, लाभांडी, टाटीबंध, सेजबहार, टिकरापारा एवं स्टेशन जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टाटीबंध से राजकुमार कालेज और आजाद चौक शहीद स्मारक की ओर आने वाले ऑटो को एक पेट्रोल पंप से मोड़कर प्रेस काम्प्लेक्स से होकर मरही माता मंदिर मेकाहारा की ओर जाना पड़ता है। इस समय आटो चालक और ईरिक्शा वाले सवारियों को पेट्रोल पंप के पास ही उतार देते हैं। इसके चलते उन्हें शास्त्री चौक तक पैदल जाना पड़ता है। वहीं सेजबहार, टिकरापारा, कालीबाड़ी चौक से आने वाले ईरिक्शा और आटो चालकों को सिर्फ बंजारी वाले बाबा की मजार तक आने की अनुमति है। आगे जाने के लिए उन्हें राजभवन चौक से होकर अंबेडकर चौक तक जाना पड़ता है। इस समय स्टेशन जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। शास्त्री चौक से मेकाहारा चौक तक लोगों को पैदल आना पड़ता है। शास्त्री चौक में इस समय सवारी नहीं बैठाने पर अब शास्त्री चौक से शहीद स्मारक तक लोग पैदल आते हैं। केंद्रीय सहकारी बैंक के सामने स्टापर लगा दिया गया है। यहां पर पुलिस के अलावा आटो चालक संघ के पदाधिकारी डंडा लेकर खड़े रहते हैं। दोपहिया चालकों को भी अनावश्यक परेशान किया जा रहा है।

### बढ़ते आटो एवं ईरिक्शा समस्या का मूल कारण

आटो चालकों का कहना है कि इस समय राजधानी में पांच हजार से अधिक ईरिक्शा चल रहे हैं। कंपनी द्वारा कमीशन और आकर्षक किश्त में दिए जाने के कारण कई घरों में तीन-तीन ईरिक्शा हैं। शिक्षित युवा बेरोजागर भी इसे रोजगार का माध्यम बना चुके हैं। आटो चालकों का कहना है कि इससे जहां रेट गिर गया है वहीं आटो चालकों की भी बैठक बुलाकर समस्या का हल निकाला जाना चाहिए। आटो चालकों के अनुसार रायपुर पहले जिला था। इसके पश्चात राजधानी बन गया है जिसके कारण यातायात एवं चौक का विस्तार एवं चौड़ीकरण नहीं हो पाया है। कई इलाके बेतरतीब बसे हुए हैं। राजधानी में अवैध कब्जे भी यातायात समस्या का प्रमुख कारण हैं। इसे हल करना चाहिए।

### निगम का अवैध कब्जा हटाओ अभियान जारी

इधर नगर निगम के विभिन्न जोन कमिश्नरों ने भी मुख्य मार्गों तथा शहर के अंदर स्थित अवैध ठेला, खोमचों वालों के भी हटाना शुरू कर दिया है। जोन क्रमांक 4 द्वारा कर शास्त्री चौक से लेकर जयस्तंभ चौक के बीच कई होर्डिंग्स एवं अन्य सामान जब्त कर लिए गए। जोन क्रमांक 5 व 7 में भी यह अभियान चलाया जा रहा है। जीई रोड में भी अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में नए साल की कंपकंपाती ठंड से होगी शुरुआत शीतलहर के साथ धुंध भी

**रायपुर, 31 दिसम्बर ।** छत्तीसगढ़ में ठंड अब लोगों को सताने वाली है. अगले 5 दिनों तक मौसम शुष्क (ड्राय) रहेगा. तापमान में सोमवार से गिरावट देखने को मिलेगी. दो जनवरी तक न्यूनतम तापमान में 6 से 8 डिग्री तक गिरावट आएगी. रविवार को मनेन्द्रगढ़ भरतपुर जिले में बारिश हुई. सबसे अधिकतम 31.2 डिग्री में दर्ज किया गया. वहीं बलरामपुर एक बार फिर सबसे ज्यादा ठंडा रहा, यहां 12.6 डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार, 31 दिसंबर यानी नए साल की शुरुआत में उत्तरी शेत्र में शीतलहर रहने की संभावना है. राजधानी रायपुर में मौसम साफ रहेगा. मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ कोहरे की स्थिति बनी रहती है. ऐसे में वन क्षेत्र में कोहरा छाए रहेगा. राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है।

# मोनिका राठौर बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

**रायपुर 31 दिसंबर ।** मुंगेली जिले के विकासखंड मुंगेली के ग्राम करही निवासी मोनिका राठौर महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन गई है। मोनिका महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही है और उस राशि का उपयोग करके अपने व्यवसाय को एक नई दिशा दे रही है और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही है। मोनिका ने बताया कि उनका सुहाग भंडार का दुकान है, यही उनकी आय का एकमात्र जरिया है। शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने से उन्हें काफी मदद मिलती है। उनके दो बेटे हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना का लाभ उठाकर बच्चों के लिए बैंक खाता खुलवाया है, जिसमें बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर प्रतिमाह रूपए भी जमा करती है। उन्होंने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला



सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य तथा पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रूपए महिलाओं के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। योजना से महिलाओं में खुशी की लहर है। मुंगेली जिले के लगभग 02 लाख 13 हजार महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। योजनांतर्गत महतारी वंदन योजना की 10 किस्त की राशि जारी हो चुकी है।

# राजधानी में नए वर्ष का होगा भव्य स्वागत

- **विभिन्न निजी होटलों में कलाकारों के लाइव परफॉर्मेंस का कार्यक्रम**
- **कार्यक्रम के दौरान जमकर छलकेंगे जाम**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 दिसम्बर।** राजधानी में नए वर्ष का शाही अंदाज में स्वागत करने के लिए प्रमुख होटलों में फिल्मी कलाकारों का लाईव प्रोग्राम रखा गया है। वहीं ऑफिसर्स क्लब को ऑफिसरों के लिए आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर कई नामचीन होटलों ने शराब परोसने की भी अनुमति ले ली है। शहर के सभ्रांत कालोनियों एवं अनेक स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

रायपुर में इस समय 35 से अधिक होटलों ने अपने यहां नए वर्ष पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इसके लिए विधिवत पास जारी किया गया है। बंबई से कई फिल्म एवं टीवी के कलाकारों को बुलाया गया है जो कि लाईव परफॉर्मेंस देंगे। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार 35 होटलों ने शराब परोसने के लिए अनुमति मांगी है लेकिन सिर्फ 25 होटलों को इसकी अनुमति दी गई है। राजधानी के विभिन्न क्लबों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कैंडल लाईट डिनर एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का भी प्रयोग किया जाएगा। राजधानी में कानून एवं व्यवस्था की निगरानी के लिए पुलिस बल तैनात किया जा रहा है ताकि 31 दिसम्बर की मध्य रात्रि को लोग हुड़दंग न मचा सके। अनेक स्थानों पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी। रायपुर के रिंग रोड नंबर 3 पर कई आकर्षक होटल बन गए हैं। नया रायपुर में भी एक होटल में आकर्षक कार्यक्रम रखा गया है।

### मंदिरों में भी रहेगी भक्तों की भीड़

देश में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा नए वर्ष के विरोध में अनेक कार्यक्रम रखे गए हैं। मंदिरों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए इसे सजाया गया है। मसीही समुदाय गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। शासकीय प्रवक्ता के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के पश्चात सात दिवसीय शोक रखा गया है जिसके चलते सीएम हाऊस एवं राजभवन में किसी भी कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। मंत्रालय में आज मुख्य सचिव कार्यालय विभिन्न अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर अमिताभ जैन को नए वर्ष की बधाई दी। पुलिस मुख्यालय में भी नए वर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

### दो करोड़ की शराब गटक जाएंगे पियक्कड़

राजधानी में आबकारी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न देशी-विदेशी मदिरा समूहों में शराब लेने वालों की भारी भीड़ लगी हुई है। आबकारी विभाग का अनुमान है कि नए वर्ष में लोग दो करोड़ से अधिक मूल्य की शराब गटक जाएंगे। आबकारी विभाग के विभिन्न संस्थाओं द्वारा शराब का संग्रहण कर लिया गया है। इस समय राजधानी के बाहरी क्षेत्रों एवं अंदरूनी क्षेत्रों में स्थित 60 से अधिक दुकानों में शराब लेने वालों की भीड़ लगी हुई है।

# मिडिल क्लास को मिलेगी राहत

**छत्तीसगढ़ में 'हाईराइज' के नियम में बदलाव से फ्लैट्स और मकानों की कीमतें कम होने की संभावना**

**रायपुर, 31 दिसम्बर ।** राज्य सरकार ने बड़े आवासीय और कमर्शियल कांप्लेक्स के निर्माण के लिए ग्राउंड कवरेज एरिया 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है. यह कदम छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 24 साल बाद पहली बार उठाया गया है. अब तक बिल्डरों को अपने प्रोजेक्ट के कुल एरिया की 70 प्रतिशत जमीन विभिन्न कार्यों के लिए छोड़नी पड़ती थी, लेकिन अब सिर्फ 60 प्रतिशत जमीन छोड़नी होगी.

इस नए नियम के तहत अब 40 फीसदी प्लॉट एरिया में मकान या फ्लैट बनाए जा सकेंगे. इसके अलावा, हाईराइज बिल्डिंग बनाने के नियमों में भी बदलाव किया गया है. नए नियम के तहत, यदि किसी प्रोजेक्ट में सड़क की चौड़ाई 12.5 मीटर तक है, तो बिल्डरों को 8 मंजिल तक कमर्शियल बिल्डिंग बनाने की अनुमति दी जाएगी. इससे पहले सिर्फ 5-6 मंजिल की इमारतों की अनुमति मिलती थी.

इन दोनों बदलावों से सबसे बड़ा फायदा आम लोगों को होगा. निर्माण के लिए बिल्डर्स को ज्यादा जमीन मिलने से फ्लैट्स और मकानों की निर्माण लागत में कमी आएगी, जिसका सीधा असर उनकी कीमतों पर पड़ेगा. इसके परिणामस्वरूप मिडिल क्लास परिवारों को अफोर्डेबल हाउसिंग की सुविधा मिलेगी. इस निर्णय को मिडिल क्लास के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है. नियमों में संशोधन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है।

### राज्य सरकार ने 13 एडिशनल एसपी के किये तबादले

**रायपुर, 31 दिसम्बर ।** राज्य सरकार ने सोमवार देर शाम 13 एडिशनल एसपी के तबादले किये हैं। श्वेता श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक रेल बनाया गया है। वहीं पंकज चंद्राक को एडिशनर एसपी पीएचक्यू से कोरबा बटालियन भेजा गया है। वहीं जयप्रकाश बढ़ई असिस्टेंट कमांडेंट दुर्ग, रमा पेटल असिस्टेंट कमांडेंट माना, हरीश यादव को एडिश्नल एसपी सक्ती, जयंत वैष्णव को एडिश्नल एसपी एसटीएफ बघेरा, विवेक शुक्ला को एएसपी अटल नगर बनाया गया है। वहीं राकेश कुमार कुर्रे को एएसपी पखांजूर, नीतीश कुमार ठाकुर को एएसपी कोरबा, प्रशांत शुक्ला को एएसपी ट्रैफिक रायपुर, पंकज पटेल को एएसपी कोरिया, नेंहा वर्मा को जोनल पुलिस अधीक्षक बस्तर, और उदयन बेहार को एएसपी ट्रैफिक जांजगीर बनाया गया है।

# रेत से लदे हाईवा ने दंपत्ति को कुचला, दोनों की मौत

**रायपुर, 31 दिसंबर।** आरंग थाना क्षेत्र में रेत खदान से निकल रहे एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोपेडीह निवासी बनवाली साहू (50 वर्ष) अपनी पत्नी लक्ष्मी साहू (45 वर्ष) के साथ ग्राम भलेरा में रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में आए हुए थे। जब दोनों मोटरसाइकिल से गौरभाट जा रहे थे, तभी सियार माता मंदिर के पास गौरभाट की तरफ से आ रही मां भगवती ट्रेडर्स मंदिरहसौद की तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 5397 ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चला रहे बनवाली साहू की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उनकी पत्नी लक्ष्मी साहू की इलाज के दौरान आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। इस घटना के बाद आरंग पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है।

# आरटीई घोटाला: एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग

**रायपुर, 31 दिसंबर।** रायपुर जिले में शिक्षा के अधिकार (ऋक्ष) के तहत 76 लाख रुपये की हेराफेरी के मामले में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा। इस मामले में दोषी पाए गए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चंद्राकर और वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शिकायत पत्र सौंपने के लिए जब एनएसयूआई अध्यक्ष शान्तनु झा अपने कार्यकर्ताओं के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, तो विजय खंडेलवाल ने ज्ञापन लेने से बचने के लिए अपना दफ्तर छोड़ दिया। यह घटना स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार और सत्ता संरक्षण की ओर इशारा करती है। जांच कमेटी द्वारा जांच पूरी करने और दोष सिद्ध होने के बाद, 08/11/2024 को डीईओ विजय खंडेलवाल को श्री गेंदाराम चंद्राकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद, श्री खंडेलवाल अब तक एफआईआर दर्ज कराने से बचते नजर आ रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि श्री



खंडेलवाल, श्री चंद्राकर को बचाने के लिए किस हद तक प्रयासरत हैं। यह समझ से परे है कि स्पष्ट आदेश होने के बावजूद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गेंदाराम चंद्राकर, जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ चुके हैं, अपने पाप धोने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रयास में वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी खंडेलवाल भी सहयोग करते नजर आ रहे हैं। एनएसयूआई ने इसे भाजपा की डबल इंजन सरकार का भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाला चेहरा बताया है।

जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल की अनुपस्थिति में समग्र शिक्षा अधिकारी श्रीमती इंद्रा गांधी ने ज्ञापन स्वीकार किया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि, भ्रष्ट अधिकारियों और भाजपा की मिलीभगत से शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानून कमजोर पड़ रहा है इस मुद्दे ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार पर नीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एनएसयूआई ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सूरज साहू, नूर अली, भोजराज चौहान, विमल साहू, नवीन, अनिल, गोल्डी वर्मा, संस्कार पांडे, यश सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए मवेशियों और कुत्तों को पहनाया रिफ्लेक्टिव कॉलर

**रायपुर, 31 दिसम्बर ।** स्ट्रे कीपर्स-एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन ने कई स्थानीय एनिमल एक्टिविस्ट के साथ मिलकर प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी दिवंगत रतन टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में एक सफल रिफ्लेक्टिव कॉलर (रेडियम) ड्राइव का आयोजन किया।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था, जिसमें आवारा मवेशियों और कुत्तों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाकर रात के समय वाहनों के लिए उनकी दृश्यता सुनिश्चित की गई। डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा का कहना है कि आंकड़ों को देखें तो भारत में हर मिनट एक मौत एक्सिडेंट से होती है, यह रेडियम का पट्टा अंधेरे में गाड़ी की लाइट पड़ते ही चमकने लगेगा, गाड़ी चलने वाले को मवेशी दिखेंगे और एक्सिडेंट से रोका



जा सकेगा। इस अभियान के तहत 300 कुत्तों और 300 गायों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाए गए।

रतन टाटा की जयंती पर रिफ्लेक्टिव कॉलर ड्राइव का आयोजन टाटीबंध, रिंगरोड 3 बिलासपुर हाइवे, न्यू रायपुर, सेजबहार धमतरी रोड और आरंग हाईवे समेत कई स्थानों पर जाकर जानवरों को खुद कॉलर पहनाए। डायरेक्टर डॉ. अवंतिका ने भी इस ड्राइव में भाग लिया और आसपास के लोगों को इसकी अहमियत समझाई, उन्हें बताया कि इस पहल से इंसान और जानवर दोनों की जान बचाई जा सकती है।

ठंड से कुत्तों को बचाने के लिए बोरा बेड और ड्रम बेड निशुल्क वितरित किए गए, जो विशेष रूप से पिल्लों के लिए उपयोगी साबित हुए। इस वितरण को स्वयंसेवकों का भारी समर्थन मिला, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। डॉ.मोनिका का कहना है कि रोड पर जानवरों की बहुत दयनीय स्थिति रहती है, वे भूखे- प्यासे गर्मी, बारिश, ठंड में भटकते हैं। हम सभी को मिलकर उनका ध्यान रखना चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह आयोजन रायपुर में सभी एनिमल एक्टिविस्ट के सामूहिक प्रयासों को उजागर करता है, जो आवारा जानवरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और समुदाय से ऐसी नेक पहल को समर्थन देने की अपील की।

### गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किए निर्देश

**रायपुर, 31 दिसंबर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह पूरे प्रदेश में गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राज्यपाल रमेन डेका प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस आयोजन के लिए सभी विभागों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रम के अनुसार, राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण एवं परेड की सलामी के बाद राज्यपाल का उद्बोधन होगा। इसके अलावा समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों और संस्थानों द्वारा चलित झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। समारोह में रंगीन गुब्बारे उड़ाए जाएंगे और पदक अलंकरण समारोह का आयोजन भी होगा। राज्य स्तर पर परेड में सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, डीएफ, जेल पुलिस बल, होमगार्ड, एसटीएफकमांडो, बीएसएफ, आईटीबीपी समेत अन्य सशस्त्र बलों की टुकड़ियां शामिल होंगी। जिला मुख्यालयों में प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त मंत्रीगण ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि केवल जिला मुख्यालयों में ही परेड का आयोजन होगा, और वहां सेना, पुलिस, नगर सेना, जेल प्रहरी की टुकड़ियां भाग लेंगी। जनपद पंचायत या तहसील स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष ध्वजारोहण करेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26